RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



मुकद्दस रमजान
इफ्तार सोमवार 05:50 PM
सहरी मंगलवार 05:30AM



वर्ष : 26 | अंक : 87 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 18 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# चुनावी बांड पर SBI को फटकार

## 21 मार्च तक चुनावी बांड के नंबर दें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बेहद सख्त है। कोर्ट से भारतीय स्टेट बैंक को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान सख्त लहजे में कहा है कि एसबीआई चेयरमैन को गुरुवार शाम (21 मार्च) 5 बजे तक सारी जानकारी साझा करनी होगी। इसके लिए बकायदा एक हलफनामा भी दाखिल करना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग के पास एसबीआई से जैसे ही जानकारी आती है वो अपनी वेबसाइट पर उसे अपलोड करे।

चुनावी बांड पर आज सुनवाई हुई इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मुद्दे पर कुछ भी छुपाया नहीं जाना चाहिए। सबकुछ सार्वजनिक करना होगा। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) ने भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई से पूछा कि आपने ने पूरी जानकारी क्यों नहीं दी? CJI ने कहा, 'फैसले में स्पष्ट था कि सभी विवरणों का खुलासा किया जाना चाहिए। कुछ भी चयनात्मक नहीं होना चाहिए। कोर्ट




के आदेशों पर निर्भर मत रहिए। सभी इमेजिनेबल जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए। एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य हैं।'

एसबीआई के वकील हरीश साल्वे ने कहा कि हमने आदेश को जिस तरह समझा उसका जिक्र करता हूं। हमने पूरी जानकारी तरतीब से साझा करने के लिए ही वक्त मांगा था। इस पर CJI जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने तो पिछली सुनवाई में एसबीआई को नोटिस जारी किया था। क्योंकि हमने आदेश में पूरी जानकारी देने के लिए कहा था। लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया। एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे। सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को मुहैया कराए। हम यह स्पष्ट करते हैं।

CJI ने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनावी बॉन्ड्स से संबंधित सभी जानकारी का खुलासा किया जाए, जो आपके पास है। SBI का रवैया ऐसा है कि अदालत बताए कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जदयू को दरवाजे पर तो सपा को डाक से मिले 10 करोड़ के बांड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनावी बांड पर एक ओर जहां सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। वहीं राजनैतिक दलों द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे डाटा में अजब-गजब दावे भी किए हैं। जदयू का कहना है कि उसे दफ्तर में एक ऐसा लिफाफा मिला, जिसमें 10 करोड़ रुपए के बॉन्ड थे। यही बात सपा ने भी कही. सपा का कहना है कि उसे डाक के जरिए 10 करोड़ के बॉन्ड मिले। लेकिन किसने भेजे, यह पता नहीं है. डीएमके को कुल चंदे के 77 प्रतिशत बॉन्ड एक ही कंपनी से मिले हैं।

राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को जो डेटा दिया है, वो 2018 में योजना शुरू होने से नवंबर 2023 तक का शामिल है. आंकड़ों के अनुसार, बीजेपी को बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। उसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 1,397 करोड़ रुपये, कांग्रेस को 1,334 करोड़ रुपये और भारत राष्ट्र समिति को 1,322 करोड़ रुपये मिले हैं।


समाजवादी पार्टी ने कहा कि उसे बिना नाम के डाक से एक-एक करोड़ रुपये के 10 चुनावी बॉन्ड मिले हैं. ये सभी 10 चुनावी बॉन्ड एक ही तारीख (7 मई, 2019) को जारी किए गए हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव के दरम्यान सपा ने 10.84 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड भुनाए. चुनाव आयोग के अनुसार, सपा को अज्ञात दानदाताओं से पोस्ट के जरिए 10 करोड़ रुपये (कुल राशि का 92 प्रतिशत) के बॉन्ड हासिल हुए हैं।

चुनाव आयोग को दिए विवरण में सपा ने कहा, उसे एसके ट्रेडर्स, गुड़गांव से एक-एक (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पुतिन ने दुनिया को दी तीसरे विश्वयुद्ध की धमकी

## राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद बड़ा बयान

**मास्को ( एजेंसी )।** रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव में व्लादिमीर पुतिन ने बड़ी जीत हासिल की है। पुतिन का पांचवी बार रूस का राष्ट्रपति बनना तय हो गया है। नतीजों की घोषणा होने के बाद पुतिन ने अपने पहले संबोधन में ही धमकी देते हुए तीसरे विश्वयुद्ध की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन में अगर संघर्ष हुआ तो इसका मतलब ये है कि यह दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध से महज एक कदम दूर होगी और शायद ही कोई ऐसी परिस्थिति देखना चाहता है।



साल 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिमी देशों के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने बीते महीने ही भविष्य में यूक्रेन में अपने सैनिकों को उतारने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया। इस बारे में जब पुतिन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में कुछ भी संभव है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो तीसरा विश्वयुद्ध ज्यादा दूर नहीं है। पुतिन ने ये भी कहा कि वैसे नाटो के सैनिक अभी भी यूक्रेन में मौजूद हैं। रूस को पता चला है कि युद्ध के मैदान में इंग्लिश और फ्रेंच भाषा बोलने वाले जवान भी मौजूद हैं। ये अच्छी बात नहीं है, खासकर उनके लिए क्योंकि वे बड़ी संख्या में यहां मर रहे हैं।

पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर कहा कि फ्रांस बातचीत में अहम भूमिका निभा सकता है क्योंकि अभी भी सबकुछ खत्म नहीं हुआ है। पुतिन ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है, और मैं अब भी कहता हूं कि हम बातचीत के लिए तैयार है और ये बातचीत सिर्फ इसलिए नहीं होगी क्योंकि दुश्मनों के पास गोला-बारूद खत्म हो चुका है। अगर वे सचमुच गंभीर हैं और शांति चाहते हैं तो उन्हें पड़ोसी देशों की तरह अच्छे संबंध बनाकर चलना होगा।

## जहर खाकर की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के ऊंची दनकौर में रहने वाले एक व्यक्ति ने जहर खा लिया गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह को कारण बताया जा रहा है। मूल रूप से ग्राम और पूरा जनपद हाथरस निवासी सत्यपाल पुत्र महेंद्र सिंह अपनी पत्नी के साथ ऊंची दनकौर में किराए पर रह रहा था। वह एक निजी कंपनी में काम करता था दो दिन पूर्व सतपाल ने अपने घर में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसकी पत्नी ने पड़ोसियों (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जेल में जागते हुए कटी एल्विश की रात

## एल्विश को क्वारंटीन बैरक में रखा, दोपहर में दी चने की दाल-रोटी व सब्जी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सांप और सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में यूट्यूबर फेम एल्विश यादव बुरा फंसता जा रहा है। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। लुक्सर जेल की सलाखों में बंद एल्विश रात में सो नहीं पाया। ज्यादातर समय वो जागता रहा। यह भी बताया गया है कि उसे बाकी कैदियों जैसा ही ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। खाना भी दूसरे कैदियों वाला ही मिल रहा है। उन्हें सोने और जेल में इस्तेमाल करने के लिए 3 कंबल दिए गए हैं। एल्विश को फिलहाल क्वारंटाइन बैरक में रखा गया है और जल्द ही



उन्हें जनरल बैरक में भेजा जाएगा।

लुक्सर जेल के सुपरिटेंडेंट अरूण कुमार सिंह ने बताया कि कल शाम एल्विश यादव को जेल में दाखिल किया गया था। रात में उसे आलू-बैंगन की सब्जी दी गई तथा सोने के लिए तीन कंबल दिए गए। एल्विश जेल की सलाखों के पीछे खामोश बैठा रहा और कोई बातचीत नहीं की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रिलायंस के टॉवर से बैटरी चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर रिलायंस जिओ कंपनी के दो टावरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दोनों टावरों से तीन बैटरी चोरी कर ले गए। मेरठ निवासी अरविंद कुमार ने थाना कासना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रिलायंस जिओ कंपनी का एक टावर सिरसा गांव में लगा हुआ है। 5 फरवरी की रात्रि को चोरों ने टावर पर लगी बैटरी चोरी कर ली। जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना डॉयल-112 पर दी। वहीं थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र के लुक्सर गांव में लगे रिलायंस (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 'ससुरालियों ने तीन दिनों से भूखा प्यासा कमरे में कैद कर रखा है, पापा बचा लो'

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दहेज में ससुरालियों को स्कॉर्पियो कार और नोएडा में फ्लैट न मिलने पर विवाहिता पर इतना जुल्म ढाया कि उसके सारे सपने चकनाचूर हो गए। जुल्म की तमाम हदों को पार करते हुए ससुराल वालों ने अपनी बहू के साथ मारपीट की और उसे तीन दिनों तक एक कमरे में भूखा प्यासा बंद रखा। विवाहिता ने किसी तरह फोन कर अपने परिजनों को अपने ऊपर हो रहे जुल्म की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने उसे ससुराल वालों के चंगुल से आजाद कराया।

दादरी के जारचा रोड पर रहने वाले पवन (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसने अपनी बेटी रीता (काल्पनिक नाम) की शादी एक जुलाई 2021 को बरेली निवासी कार्तिक शर्मा के साथ की थी। विवाह के समय उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार वर पक्ष को दान दहेज दिया था। शादी के कुछ समय बाद ही उसकी बेटी रीता को ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर तंग करने लगे। रीता के पति कार्तिक ने उस पर दबाव डाला कि वह मायके से दहेज में स्कॉर्पियो ले और उसे नोएडा में एक फ्लैट दिलवाए। रीता के इनकार करने पर कार्तिक व उसके परिजन उसे प्रताड़ित करने लगे। इस बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने उसकी ससुराल जाकर कार्तिक तथा उसके परिजनों को समझाया। कुछ दिन शांत रहने के पश्चात कार्तिक व उसके परिजनों ने फिर उसकी बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पवन के मुताबिक उनका दामाद शराबी किस्म का व्यक्ति है और आए दिन शराब पीकर उसकी बेटी के साथ गाली गलौज व मारपीट करता था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बाथरूम में कैमरा लगाकर महिला की बनाई वीडियो

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हल्द्वानी मोड़ में किराये पर रहने वाली एक नर्स के बाथरूम में पड़ोसी ने कैमरा लगाकर उसकी नहाते हुए की वीडियो बना ली। नर्स ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से बिजनौर की रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कमरे में बुलाकर युवती से छेड़छाड़

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर परिचित ने एक युवती को अपने कमरे पर बुला लिया और उसके साथ छेड़छाड़ की। मनचले के चंगुल से निकलकर युवती ने उसके खिलाफ थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से प्रतापगढ़ की रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह हाल में निठारी गांव में किराए पर रह रही है। बीते 6 मार्च को उसके परिवार के परिचित जवाहर सिंह ने उसे सिद्धबाबा आश्रम पर नौकरी देने के लिए बुलाया था। वह जैसे ही उसके कमरे पर पहुंची तो उसने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। उसने अश्लील हरकतों का पुरजोर विरोध किया और वहां से भाग निकली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

# ड्यूटी से घर लौटे दंपत्ति तो गायब मिली बेटी

## नोएडा से तीन किशोरियां लापता

**दादरी ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक किशोर व तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गईं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

थाना बादलपुर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 12 मार्च को वह तथा उसकी पत्नी ड्यूटी पर चले गए थे। घर पर उनकी (17 वर्षीय) बेटी अकेली थी। दोपहर के समय उनकी बेटी



छपरौला की मार्केट में खरीदारी करने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। शाम के समय जब वह ड्यूटी से वापस लौटे तो उन्होंने अपनी बेटी को गायब पाकर उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक बाइक व चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-125 में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवक पुलिसकर्मियों देख कर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछाकर दोनों युवकों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बाइक सवार बदमाशों ने आई फोन लूटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के जीटी रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से आई फोन लूट लिया और फरार हो गए घटना के समय पीड़ित ड्यूटी खत्म कर वापस अपने घर लौट रहा था। दादरी के जीटी रोड स्थित भगत फॉर्म के पास रहने वाले वाहिद ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह कुलदीप भाटी के लॉ फर्म में काम करता है। 27 फरवरी की रात्रि को वह काम खत्म कर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह अपने घर के नजदीक पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया और सिकंदराबाद की तरफ भाग गए। लूट की यह पूरी घटना एक मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मोबाइल लूट का मामला जाता है उसका लिया है।

## घर से लाखों रुपये के जेवरात चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर-37 में चोर एक मकान से लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन बाहर गए हुए थे। सेक्टर-37 में रहने वाली दीपा ने बताया कि 10 मार्च की सुबह उसके साथ ससुर व देवर घर से किसी कार्य के लिए दिल्ली गए थे। 5 दिन बाद जब उनके देवर वापस ग्रेटर नोएडा स्थित घर पहुंचे तो उन्हें दरवाजे पर लगा हुआ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया। इसके पास से अवैध असलाह व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-2 प्रभारी विंध्याचल तिवारी बीती रात पुलिस टीम के साथ भंगेल कट के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार नाले की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार बदमाश घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को दबोच लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम आदित्य खारी पुत्र विजेंद्र खारी निवासी ग्राम सलेमपुर जनपद सहारनपुर बताया। इसके पास से चोरी की एक स्प्लेंडर बाइक, तमंचा, कारतूस व लूटे हुए दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर दिल्ली व गौतमबुद्धनगर जनपद में चोरी लूट आदि के छह मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 'चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल न हो'

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए जनपद के समस्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेसों के स्वामियों के साथ बैठक की गई, जिसमें राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता, उम्मीदवारों का चुनावी व्यय तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर तथा प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा



जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में आदर्श आचार संहिता के मुख्य बिंदुओं से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए बताया कि कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर (शेष पृष्ठ-3 पर)


सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

# सरकारी निकम्मापन

आय प्रमाणपत्र की जरूरत पर आम आदमी के अधिकार अगर अदालत के दरपेश सरकारी कार्यसंस्कृति का निकम्मापन साबित हो सकते हैं, तो जनता की व्यथा का अंदाजा लगाया जा सकता है। माननीय हाई कोर्ट ने आनी के तहसीलदार की कार्यशैली पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था के कर्ताधर्ताओं पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। हैरानी यह कि तमाम गारंटियों, सुशासन के वादों और नित नए प्रयोगों के बावजूद ढर्रा वहीं का वहीं टिका है। एक महिला के आय प्रमाणपत्र के सत्यापन को मिलीं प्रशासनिक ठोकरें, यह लिहाज भी न कर पाईं कि इससे कार्यसंस्कृति, व्यवस्था व सरकार की बदनामी होगी और एक अधिकारी ने एडीएम कोर्ट के आदेश को कारपेट के नीचे छुपा दिया। जो कार्य 22 दिसंबर 2022 को निचले स्तर पर सामान्य प्रक्रिया में हो जाना चाहिए था, उसे सवा साल बाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर हल करने का न्याय मिल रहा है। यहां वाजिब सवाल यही है कि प्रशासनिक प्रक्रिया के कायदे-कानूनों में इतनी शिथिलता आ गई है कि आम नागरिक को अदालती प्रक्रिया के उच्च स्तर ढूंढने पड़ेंगे। अगर इसी माथा रगड़ाई के चरित्र में हिमाचल का शासन-प्रशासन चलता रहा, तो अदालतों के दरवाजे पर समाज की जरूरतें आंसुओं से भीगी दिखाई देंगी। जाहिर तौर पर अदालत की टिप्पणी पर गौर फरमाते हुए प्रदेश सरकार को प्रशासनिक सुधारों की दृष्टि से हर दफ्तर को संवेदनशील, कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए सुधारों व नियमों की नई परिपाटी स्थापित करनी होगी। बेशक पिछली सरकार ने जनमंचों की अंतहीन श्रृंखला खड़ी कर दी या मौजूदा सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' का अखंड पाठ शुरू कर दिया, लेकिन आनी प्रशासन के कान में अगर जूं तक नहीं रेंगी, तो ऐसे प्रपंचों की क्या आवश्यकता। अगर सरकार अदालतों में फंसे मामलों में आम नागरिक के अनुभवों का संज्ञान ले तो मालूम हो जाएगा कि व्यवस्था के सुराखों से कितना दर्द बह रहा है। आश्चर्य यह कि जो राज्य अपने चुनावी वादों से सत्ता के इरादों तक सिर्फ कर्मचारियों के हितों की बात करता है, उसके प्रशासनिक बिछौने पर इतने कांटे छिपे हैं। कमोबेश यही हाल सार्वजनिक सेवाओं, स्थानीय निकायों तथा विकास के कार्यों का भी है। हम दरअसल सियासी वर्चस्व में प्रशासनिक कामकाज और व्यवस्था का परचम देख रहे हैं और सत्ता की अदलाबदली में स्थानांतरण के हथियार से कर्मचारियों व अधिकारियों को सबक सिखाने की कोशिश करते हैं। हम एक ही पोशाक में राजनीति और प्रशासन को अनुशासित व सक्षम नहीं बना सकते। अभी हाल ही में जिन नौ विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनके विधानसभा हलकों के अधिकारियों-कर्मचारियों को बदलने का कारण यही हो सकता है कि प्रशासन अब नेताओं की मिलकीयत की तरह चलता है। इसलिए कई बार फरियादी को नागरिक न मानकर उसे सियासी अखाड़े में देखकर काम होता है। इसका एक और उदाहरण नगर निगम धर्मशाला की महापौर का स्मार्ट सिटी प्रशासन के टकराव में देखा जा सकता है। कायदे से स्मार्ट सिटी के तहत प्रशासनिक व्यवस्था का एक राष्ट्रीय स्वरूप, मानदंड व मानिटरिंग होनी चाहिए, लेकिन राजनीतिक अखाड़ेबाजी में नगर निगम के पार्षद या मेयर को अपनी मिलकीयत के तहत स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का रुतबा चाहिए। विडंबना तो यह है कि आम आदमी को तो अपने लोकतांत्रिक अधिकारों तक की गारंटी नहीं, फिर उसे रोजमर्रा की जरूरतों से कौन निजात दिलाएगा। राजनीति की प्रशासनिक मिलीभगत का ही असर है कि हिमाचल की सरकारी कार्यसंस्कृति अब नेताओं की चाकरी में ऐसे अधिकारी पेश कर रही है, जो हर कदम पर बैसाखियां पहन कर चल कर खुद को सुरक्षित मान रहे हैं। स्थानांतरण नीति के अभाव में ईमानदार अधिकारी के लिए अपनी ईमानदार कार्यशैली या कर्त्तव्यपरायणता का उदाहरण पेश करने की एक कीमत है। ऐसे में अधिकांश अधिकारी किसी न किसी तरह अपने दायित्व के बजाय सियासी बॉस की इच्छाओं की रखवाली कर रहे हैं। नागरिक प्रताड़ना के दूसरी ओर अधिकारी प्रताड़ना का भय पैदा हो रहा है। सुशासन के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की अपेक्षा करने के बावजूद जनता भी अब अपने तौर-तरीकों के मापतोल को सियासी बनाने को मजबूर दिखाई देती है, वरना लोग ऐसे मामलों में सड़कों पर दिखाई देते।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मैं कपटपूर्वक उनकी सेवा करता। ब्राह्मण बड़े ही दयालु और नीति के घर थे। हे स्वामी! बाहर से नम्र देखकर ब्राह्मण मुझे पुत्र की भाँति मानकर पढ़ाते थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**संभु मंत्र मोहि द्विजबर दीन्हा। सुभ उपदेस बिबिधि बिधि कीन्हा॥**
**जपउँ मंत्र सिव मंदिर जाई। हृदयँ दंभ अहमिति अधिकाई॥**

उन ब्राह्मण श्रेष्ठ ने मुझको शिवजी का मंत्र दिया और अनेकों प्रकार के शुभ उपदेश किए। मैं शिवजी के मंदिर में जाकर मंत्र जपता। मेरे हृदय में दंभ और अहंकार बढ़ गया॥

**दो0-मैं खल मल संकुल मति नीच जाति बस मोह।**
**हरि जन द्विज देखें जरउँ करउँ बिष्नु कर द्रोह॥**

मैं दुष्ट, नीच जाति और पापमयी मलिन बुद्धि वाला मोहवश श्री हरि के भक्तों और द्विजों को देखते ही जल उठता और विष्णु भगवान से द्रोह करता था॥

**गुर नित मोहि प्रबोध दुखित देखि आचरन मम।**
**मोहि उपजइ अति क्रोध दंभिहि नीति कि भावई॥**

गुरुजी मेरे आचरण देखकर दुखित थे। वे मुझे नित्य ही भली-भाँति समझाते, पर (मैं कुछ भी नहीं समझता), उलटे मुझे अत्यंत क्रोध उत्पन्न होता। दंभी को कभी नीति अच्छी लगती है?

**एक बार गुर लीन्ह बोलाई। मोहि नीति बहु भाँति सिखाई॥**
**सिव सेवा कर फल सुत सोई। अबिरल भगति राम पद होई॥**

एक बार गुरुजी ने मुझे बुला लिया और बहुत प्रकार से (परमार्थ) नीति की शिक्षा दी कि हे पुत्र! शिवजी की सेवा का फल यही है कि श्री रामजी के चरणों में प्रगाढ़ भक्ति हो॥

**रामहि भजहिं तात सिव धाता। नर पावँर कै केतिक बाता॥**
**जासु चरन अज सिव अनुरागी। तासु द्रोहँ सुख चहसि अभागी॥**

हे तात! शिवजी और ब्रह्माजी भी श्री रामजी को भजते हैं (फिर) नीच मनुष्य की तो बात ही कितनी है? ब्रह्माजी और शिवजी जिनके चरणों के प्रेमी हैं, अरे अभागे! उनसे द्रोह करके तू सुख चाहता है?॥

क्रमशः

# राजस्थान में कांग्रेस ने उम्मीदवार तो दमदार उतारे हैं, देखना होगा कि परिणाम क्या रहता है?

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर चुनाव हारने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार चुनाव में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इसीलिए अब तक घोषित 10 प्रत्याशियों में से किसी भी पुराने प्रत्याशी को रिपीट नहीं किया गया है। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव मैदान में नहीं उतरे हैं। यदि यह सभी नेता भी चुनाव मैदान में उतरते तो कांग्रेस बीजेपी में कड़ा मुकाबला देखने को मिलता। हालांकि अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को इस बार भी लोकसभा चुनाव में उतारा गया है। मगर उनका क्षेत्र बदलकर जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही कर दिया गया है। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चूरू के सांसद राहुल कस्वां को भी चूरू से प्रत्याशी बना दिया है। इसके साथ ही उदयपुर सीट पर आईएएस से इस्तीफा देने वाले ताराचंद मीणा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस की सूची में बीकानेर सुरक्षित सीट से गोविंदराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदराम मेघवाल पिछला विधानसभा चुनाव खाजूवाला क्षेत्र से हार गए थे। वह पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व पूर्व में भाजपा से भी विधायक रह चुके हैं। पिछली बार बीकानेर से मदन गोपाल मेघवाल को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2014 में पूर्व सांसद शंकर पन्नू को प्रत्याशी बनाया गया था। चूरू संसदीय सीट पर दो बार भाजपा से सांसद बने राहुल कस्वां को प्रत्याशी बनाया गया है। राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद रह चुके हैं। जिले में इन्होंने ही सबसे पहले भाजपा का खाता खोला था। मगर राहुल कस्वां का टिकट काट देने से वह कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ेंगे। चूरू से पिछली बार रफीक मंडेलिया व 2014 में प्रताप पूनिया को प्रत्याशी बनाया गया था।

झुंझुनू सीट से विधायक बृजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया गया है। चार बार के विधायक बृजेंद्र वाला गहलोत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री थे। उनके पिता शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक, केंद्र व राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। झुंझुनू से पिछली बार सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को व 2014 में



बृजेंद्र ओला की पत्नी राजबाला ओला को प्रत्याशी बनाया गया था। यादव मतदाताओं की बहुलता वाली अलवर सीट पर मुंडावर विधायक ललित यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। ललित यादव ने पिछला विधानसभा चुनाव 34526 मतों से जीता था। अलवर से पिछले दो बार कांग्रेस से भंवर जितेंद्र सिंह चुनाव लड़कर बड़े अंतर से पराजित हुए थे। भरतपुर सुरक्षित सीट से संजना जाटव को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि पिछली बार अभिजीत कुमार जाटव व 2014 में डॉक्टर सुरेश जाटव प्रत्याशी थे। इस बार की प्रत्याशी संजना जाटव पिछला विधानसभा चुनाव कठूमर सीट से मात्र 409 मतों से हार गई थी। संजना जाटव अभी अलवर जिला परिषद की सदस्य हैं तथा मात्र 26 साल की उम्र से ही उसे लगातार कांग्रेस पार्टी से टिकट मिल रही है। संजना जाटव कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के अभियानों से जुड़ी हुई हैं। इसी के चलते उन्हें टिकट मिला है।

टोंक-सवाई माधोपुर सीट से कांग्रेस ने देवली विधायक हरीश मीणा को मैदान में उतारा है। जबकि पिछली बार उनके भाई नमोनारायण मीणा व उससे पहले क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन चुनाव लड़ चुके हैं। यहां से सचिन पायलट के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मगर उन्होंने अपने विश्वासपात्र हरीश मीणा को मैदान में उतार दिया है। हरीश मीणा 2014 में भाजपा से सांसद व 2018 तथा 2023 में कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वह पूर्व में राजस्थान पुलिस के डीजीपी रह चुके हैं।

जोधपुर में करण सिंह उचियारड़ा को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछली बार वहां अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत उम्मीदवार थे। मगर 3 लाख वोटों से हार गए थे। 2014 में वहां से केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी प्रत्याशी रही थीं। जोधपुर लोकसभा सीट को कभी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता था। वह जोधपुर से पांच बार सांसद व छह बार विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। मगर पिछले लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र की करारी हार के चलते उन्होंने अपने पुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर के स्थान पर जालौर-सिरोही सीट से प्रत्याशी बनवाया है। जोधपुर से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लगातार तीसरी बार प्रत्याशी घोषित किया है।

जालौर-सिरोही सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत चुनाव लड़ेंगे। पिछली बार यहां से रतन देवासी प्रत्याशी थे। जबकि 2014 में चित्तौड़गढ़ के रहने वाले उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया था। उदयपुर सीट से उदयपुर में कलेक्टर रह चुके ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया गया है। 2019 व 2014 में यहां से रघुवीर मीणा कांग्रेस प्रत्याशी रहे थे। चित्तौड़गढ़ सीट पर उदयलाल आंजना को प्रत्याशी बनाया गया है। आंजना गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तथा पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में पिछली बार गोपाल सिंह शेखावत व 2014 में गिरिजा व्यास चुनाव लड़ चुकी हैं। उदयलाल आंजना 2014 में जालौर-सिरोही सीट से चुनाव लड़कर हार चुके हैं। चित्तौड़गढ़ में भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

कांग्रेस ने इस बार तीन मौजूदा विधायक झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, टोंक- सवाई माधोपुर से हरीश मीणा को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा सांसद राहुल कस्वां को चूरू से तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरीश मीणा व ताराचंद मीना को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने तीन विधायकों को मैदान में उतार दिया है। वहीं पांच अन्य सीटों पर विधायकों कोटा से अशोक चांदना, दौसा से मुरारीलाल मीणा, राजसमंद से सुदर्शन सिंह रावत, बाड़मेर से हरीश चौधरी व करौली-धौलपुर से अनीता जाटव के नाम चल रहे हैं।

कांग्रेस में चर्चा है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भारतीय आदिवासी पार्टी को, सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को तथा नागौर व बाड़मेर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को गठबंधन में दी जा सकती है। इसी के चलते इन सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नाम तय नहीं किए गए हैं। हालांकि बाड़मेर से विधायक हरीश चौधरी गठबंधन का विरोध कर रहे हैं।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**

# डर कर काम करता है सरकारी तंत्र

सरकारी मशीनरी डंडे के जोर से काम करती है। इसका उदाहरण चुनावी बांड के खुलासे से हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इस मामले को टरकाने के प्रयास किए, किन्तु सुप्रीम कोर्ट के सामने दाल नहीं गल सकी। बांड के जरिए चुनावी चंदा देने वाले उद्योगपतियों के नाम और राशि छिपाने के एसबीआई के सारे प्रयासों पर सुप्रीम कोर्ट ने पानी फेर दिया। एसबीआई की मंशा थी कि इस चंदे के मामले का खुलासा जून महीने के बाद किया जाए ताकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद इस मामले को आने वाली केंद्र सरकार संभाल सके। एसबीआई ने इस बांड खुलासे की अवधि को लंबा खींचने के लिए कई तरह के बहाने बनाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में साफ कह दिया कि यदि निर्धारित तारीख तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी गई और चंदे का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के सामने एसबीआई ने घुटने टेक दिए। जिस विवरण को जुटाने के लिए जून माह तक समय मांगा जा रहा था, उसे एसबीआई ने चंद दिनों में ही पूरा कर दिखाया। इससे जाहिर है कि कार्रवाई के भय से सरकारी तंत्र तूफान की गति से काम कर सकता है। सरकारी मशीनरी में लगी जंग तभी हटती है, सुप्रीम कोर्ट जैसे आदेशों की पालना करनी होती है। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब किसी सरकारी विभाग ने कोर्ट के भय के मारे घोड़े की गति से काम किया है।

कोयला घोटाले की स्टेटस रिपोर्ट के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो इसका दूसरा बड़ा उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कानून मंत्री और पीएमओ की दखलअंदाजी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख शब्दों में कहा था कि सीबीआई के कई मास्टर हैं और जांच एजेंसी पिंजड़े में कैद तोते जैसी है। सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सीबीआई स्वतंत्र ही नहीं है तो वो निष्पक्ष जांच कैसे कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है जबकि सीबीआई एक स्वायत्त संस्था है और उसे अपनी स्वायत्तता बरकरार रखनी चाहिए। सीबीआई को एक तोते की तरह अपने मास्टर की बातें नहीं दोहरानी चाहिए। एसबीआई ने भी सीबीआई की तरह व्यवहार किया है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखाने पर विवश होना पड़ा। एसबीआई फिर भी होशियारी दिखा रही है। अदालत ने बैंक से पूछा है कि बॉन्ड नंबरों का खुलासा क्यों नहीं किया। बैंक ने अल्फा न्यूमिरिक नंबर क्यों नहीं बताया। अदालत ने एसबीआई को बॉन्ड नंबर का खुलासा करने का आदेश दिया है। अदालत का आदेश है कि सील कवर में रखा गया डेटा चुनाव आयोग को दिया जाए, क्योंकि उनको इसे अपलोड करना है। अदालत ने कहा कि बॉन्ड खरीदने और भुनाने की तारीख बतानी चाहिए थी। दरअसल यूनिक आईडी हर एक बॉन्ड का यूनिक नंबर होता है। इसके जरिए आसानी से यह पता लगाया जा सकेगा कि आखिर किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को चंदा दिया है। चंदा देने वाले और चंदा पाने वालों की सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेगी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि बॉन्ड नंबरों से पता चल सकेगा कि किस दानदाता ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम शुरू से ही विवादों में घिरी रही है। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16518 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे




गए थे और इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी। इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था।


इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफेसर जगदीप छोकर ने कहा कि यह फैसला काबिले-तारीफ है। इसका असर यह होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम बंद हो जाएगी और जो कॉरपोरेट्स की तरफ से राजनीतिक दलों को पैसा दिया जाता था जिसके बारे में आम जनता को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बंद हो जाएगा। इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खत्म की थी वो वापस आ जाएगी। इस मामले से बतौर याचिकाकर्ता जुड़े रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी कहते हैं कि यह स्कीम असंवैधानिक थी और लेवल प्लेइंग फील्ड (समान अवसर) को खत्म करती थी। येचुरी ने कहा कि शुरू से ही उनकी और उनकी पार्टी की राय यह थी कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने का साधन है। सीताराम येचुरी कहते हैं कि सही तो यही होगा कि पैसा वापस किया जाए क्योंकि यह स्कीम ही असंवैधानिक है। लेकिन हम चाहते हैं कि जिन कंपनियों ने यह पैसा राजनीतिक दलों को दान किया, यह उन्हें वापस न जाए। ये पैसा सरकारी खाते में जमा होना चाहिए और चुनावों के स्टेट फंडिंग की योजना को शुरू किया जाना चाहिए। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये निर्णय एक बहुत ही प्रामाणिक उद्देश्य के लिए लाया गया था। चुनाव में पारदर्शिता हो फंडिंग में, इसके लिए लाया गया था। चुनाव में कैश का प्रभाव कम हो उसके लिए भी लाया गया था। इस बात को समझना बहुत जरूरी है। हमारे जितने चंदा देने वाले लोग हैं उनकी अपेक्षा थी कि उचित होगा कि हमारे लिए भी एक गोपनीयता रखी जाए। उन्होंने कहा कि कोई सरकार हार गई और उनके विरोधी दूसरी जगह आए तो वो चंदा देने वालों के खिलाफ हो जाते हैं।

इसलिए कोई ईमानदारी से बिजनेस कर रहे हैं तो वो अपना काम करें। इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म होने से चुनाव की फंडिंग पर बहुत कम फर्क पड़ता है क्योंकि चुनावी फंडिंग का ज्यादातर हिस्सा नकदी में आता है। यह फैसला केवल फंडिंग की पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सत्तारूढ़ दल को धन मिलता रहेगा जबकि विपक्ष के धन का स्रोत कम हो जाएगा। न्यायालय ने बार-बार सरकार के साथ सीधे टकराव से दूर रहने का विकल्प चुना है, खासकर सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं या अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर। चूंकि य फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है तो यह बताता है कि न्यायाधीशों ने दृढ़ता से महसूस किया कि बॉन्ड योजना संवैधानिक रूप से अस्थिर थी। सीबीआई की तरह एसबीआई की चुनावी फंड के मामले में हुई किरकिरी से साबित हो गया है कि पिंजरे का तोता सिर्फ एक ही विभाग नहीं है। सरकारी विभाग सत्तारूढ़ दलों की कठपुतलियों की तरह काम करते हैं। सत्ता बदलते ही दूसरे दलों की भाषा बोलने लगते हैं। दरअसल जब तक कामकाज और पारदर्शिता को लेकर कानूनी तौर पर सरकारी मशीनरी की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक अदालतों के आदेशों की मार नौकरशाही पर पड़ती रहेगी।


**-योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल


फाल्गुन कृष्ण पक्ष : नवमी | (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।




**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।

# भाजपा प्रत्याशी ने की बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में कार्यकर्ताओं से बैठक की। डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि कर्मठ देवतुल्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के बल से अबकी बार 400 पार के साथ मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में हर वर्ग के लिये कार्य किया है। देश का विश्व पटल पर सम्मान बढ़ा है भगवान राम का अयोध्या में भव्य राम मंदिर धारा 370 को हटा अखंड भारत बनाने का कार्य सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभ और आपने गौतमबुधनगर लोकसभा में ज़ेवर एयरपोर्ट, खुर्जा में बिजली प्लांट आदि अन्य कार्यो पर लगभग एक लाख करोड़ के कार्य किये गये सभी योजनाओं के विषय में घर घर जाकर प्रचार करेंगे। और सभी कार्यकर्ता एक एक वोट बूथ तक पहुँचे उसकी चिंता करे लोकसभा प्रभारी प्रणीत भाटी जी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक माह चुनाव में लग जाय।

ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता चुनाव में लगकर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को भारत की नम्बर एक जीत दिलायेंगे। उसके लिये बूथ पर पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, बुलन्दशहर जिलाध्यक्ष विकाश चौहान, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, जिला महामंत्री दीपक चौधरी, मनोज गर्ग, सेवानन्द शर्मा, सतेंद्र नागर, राहुल पंडित, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, इन्द्र नागर, अभिषेक शर्मा, महेश शर्मा, मनोज भाटी, कपिल गुर्ज़र, सरफ़राज़ अली, मेघराज भाटी, विजय रावल, अशोक रावल, पंकज रावल, कर्मवीर भाटी, बीना भाटी, उषा वत्स आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह भाटी ने गतदिवस रौनीजा गांव में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा का भव्य स्वागत किया।

## मनोज कुमार मावी बने जिला अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा आयोजित प्रांत अभ्यास वर्ग की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोज कुमार मावी को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।




## शिक्षक विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा ने कल लोकसभा गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत 6 करोड़ 80 लाख रुपये की धनराशि के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया ग्राम वासियों, क्षेत्र वासियों ने एमएलसी विधायक का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लोस चुनाव में भाजपा का होगा सुपड़ा साफ : भाटी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अक्षय भाटी ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर हर का सामना करेगी।

उन्होंने कहा कि तुम्हारा नारा है। 80 सीटों पर भाजपा हराओ देश बचाओ उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने युवाओं एवं बेरोजगारों को ठगने का जो काम किया है। उसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में महिला अपराध एवं लूट हत्या डकैती की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। लेकिन सरकार इस पर अंकुश लगाने के बजाय जनता को भ्रमित करने के काम में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सपा के बारे में अर्नगल आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहा है।

चौधरी अक्षय भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जनता को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में जो विकास हुआ है। आज भी जनता याद करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम जब आएगा तो भारतीय जनता पार्टी की असली चेहरा सबके सामने आ जाएगा।

# सड़क हादसों में दो की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद एक आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

शाहीन बाग ओखला दिल्ली निवासी अबू फैसल अपनी बाइक से ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रहा था। सेक्टर 125 के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे से टकरा गई। इस हादसे में अबू फैसल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-126 पुलिस ने उसे उपचार के लिए जेपी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान अबू फैसल की मौत हो गई।

वहीं थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-93 के पास एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन चालक ने डाढा गांव निवासी धीरज की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

## गोर्वधन राय बने लोकसभा के मीडिया प्रभारी





**भदोही।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने लोकसभा 78 के नियमित लोकसभा मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय तथा सह मीडिया लोकसभा प्रभारी मृत्युंजय शुक्ला को नियुक्त किया है। चुनाव के संबंधित मीडिया के कार्य सभी यही दोनों लोग देखेंगे।

# किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा प्राधिकरण : सिवाल

**नोएडा (चेतना मंच)।** सैक्टर 142 शहदरा गांव में किसानों के 64,7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवज़ा, 10 प्रतिशत भूखण्ड, लीजबैक, पुनर्वास योजना व उच्चन्यायालय के स्टे के बावजूद भी किसान हातम सिंह भाटी की पुस्तैनी जमीन पर वर्षो पुरानी दुकानों को नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा तहस-नहस की कार्यवाही के विरोध में अपनी जायज मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन लगातार 32 वें दिन भी जारी रहा।



संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल ने कहा कि किसानों को सर्दी के मौसम में खुले आसमान में सड़क पर पडे हुए एक माह बीत गए लेकिन प्राधिकरण व प्रशासन ने किसानों की कोई सुध नहीं ली जिससे किसानों का आक्रोश बढता जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया है कि नोएडा विकास प्राधिकरण के ओएसडी महेन्द्र प्रसाद ने 21 फरवरी की किसानों की महापंचायत में किसानों की मांगों के निस्तारण के लिए एक सप्ताह का समय लिया था। लेकिन कोई समाधान नही हुआ तो ओएसडी महेन्द्र प्रसाद से किसानों ने मुलाकात की फिर उन्होनें किसानों को 14 मार्च तक समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन दिया फिर भी कोई समाधान नही हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारी बार बार समय लेकर किसानों को गुमराह करने का काम कर रहे है जिससे संगठन ने क्षुब्ध होकर 27 मार्च को धरनास्थल पर महापंचायत कर नोएडा-सैक्टर 141,142 में किसानों की जमीनों पर बिल्डरों द्वारा हो रहे निर्माण कार्य को पूरी तरह से बन्द करने का निर्णय लिया है। निर्माण कार्य तब तक नही चलने दिया जाएगा जब तक किसानों की समस्याओ का निस्तारण नही होगा और किसानों नें हजारों की तादाद में लखनऊ के लिए कूच करने का भी ऐलान किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, युवा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एंव प्रदेश प्रवक्ता विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश सचिव ऊधम नम्बरदार, प्रदेश सचिव श्रीपाल भाटी, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, पश्चिमी उत्तर अध्यक्ष संदीप भाटी, जिलाध्यक्ष मुरादाबाद फहीम मंसूरी, तहसील अध्यक्ष सोविदंर भाटी आदि किसान मौजूद रहे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**चुनावी बांड...**

किस-किस का खुलासा करना है। सीजेआई ने SCBA के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल से कहा कि चुनावी बांड पर सीजेआई को लिखा गया उनका पत्र पब्लिसिटी स्टंट है। सीजेआई ने कहा कि अगर बॉन्ड को भुनाया जाता था तो ये कैसे पता चलता है कि वो फेक नहीं है? इस पर साल्वे ने कहा कि हम धनराशि का पता लगाते हैं।

**जदयू को दरवाजे पर...**

लाख रुपये के 7 चुनावी बॉन्ड हासिल हुए. इसी तरह, सैन बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड से 10-10 लाख रुपये के 3 बॉन्ड, एसके ट्रेडिंग कंपनी, दिल्ली से एक लाख रुपये का एक बॉन्ड, एके ट्रेडर्स, दिल्ली से 10 लाख रुपये का एक बॉन्ड, केएस ट्रेडर्स, मोहननगर से 10 लाख रुपये का एक बॉन्ड, बीएस ट्रेडर्स, जयपुर से एक-एक लाख रुपये के 7 बॉन्ड, एएस ट्रेडर्स, दिल्ली से एक लाख रुपये के 5 बॉन्ड, बीजी ट्रेडर्स, फरीदाबाद से एक-एक लाख रुपये के 5 बॉन्ड मिले हैं।

**जहर खाकर की...**

की मदद से उसे जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सतपाल की मौत हो गई अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना दनकौर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

थाना पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। इस संबंध में मृतक के परिजनों द्वारा अभी कोई शिकायत नहीं की गई है।

**जेल में जागते हुए....**

आज सुबह उसे चाय व बंद दिया गया। इसके बाद दोपहर में उसे चने की दाल रोटी और सब्जी दी गई। लग्जरी लाईफ जीने वाला एल्विश यादव जेल में पूरी रात बेचैन रहस।

बता दें कि कुछ महीने पहले एल्विश को दोस्तों संग एक रेव पार्टी में देखा गया था, जहां वो अपने दोस्तों के साथ दुर्लभ सांपों को गले में डालकर डांस-पार्टी एन्जॉय करते दिखे थे। इस मामले में नोएडा पुलिस ने 2 नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 51 के सेवरोन बैंक्वेट हॉल से 5 लोगों को गिरफ्तार किया था। कुल मिलाकर 9 सांप बरामद हुए थे, जिनमें 5 कोबरा, 1 अजगर, 2- दो मुहें सांप और एक रेड स्नैक बरामद हुआ था।

पूछताछ में आरोपियों ने उस वक्त बताया था की सांपों के जहर का इस्तेमाल रेव पार्टी में किया जाता है। एफआईआर में एल्विश यादव को आरोपी बनाया गया था। पार्टी में मौजूद लोगों संग एल्विश पहले से संपर्क में थे। उन्होंने अब इस बात को कुबूल किया है।

**बाथरूम में कैमरा...**

वह हल्द्वानी मोड़ में किराए पर रहती है और एक अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में काम करती है। 17 मार्च को वह नहाने के लिए अपने बाथरूम में गई थी। नहाते हुए उसकी नजर खिड़की पर रखे मोबाइल फोन पर पड़ी। वह जैसे ही बाथरूम से बाहर निकली तो उसे पड़ोस में रहने वाला भानु प्रताप बाथरूम की खिड़की से मोबाइल फोन उठाकर भागता हुआ दिखाई दिया। उसने भानु प्रताप को रोक लिया जिस पर उसने गाली-गलौज करते हुए उसे जान मारने की धमकी दी और फोन लेकर फरार हो गया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से उसकी नहाते हुए की वीडियो बनाई है।

**ड्यूटी से घर...**

कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना फेस-3 क्षेत्र के ममूरा गांव में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला दिलीप बीते 7 मार्च को उनकी (14 वर्षीय) बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उनकी बेटी को भगाने में दिलीप के परिजनों ने भी उसकी मदद की है। रमेश की शिकायत पर पुलिस ने दिलीप व उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले अशोक कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका (13 वर्षीय) साला उनके साथ रहता है। 12 मार्च के दोपहर को वह घर से बिना बताए कहीं चला गया जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। उसकी काफी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। अशोक कुमार के मुताबिक उनके साले की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

थाना बीटा-2 क्षेत्र सेक्टर-37 से (14 वर्षीय) किशोरी लापता हो गई। सेक्टर-37 में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 मार्च को अपनी पत्नी के साथ काम पर चला गया था। शाम के समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसे उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से लापता मिली।

**रिलायंस के टॉवर...**

जिओ कंपनी के टावर से चोरों ने दो बैटरी चोरी कर ली इस संबंध में अरविंद कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है।

**ससुरालियों ने तीन...**

11 फरवरी 2024 की सुबह रीता ने फोन कर बताया कि उसके साथ उसके पति कार्तिक, ससुर दिवाकर शर्मा, सास अनीता शर्मा, जेठ कृष्ण शर्मा, जेठानी अपूर्वा शर्मा, ननद प्रतिष्ठा शर्मा द्वारा मारपीट की गई है और उसे पिछले तीन दिनों से एक कमरे में भूखा प्यासा कैद करके रखा गया है। रीता ने उनसे गुहार लगाई कि वह आकर उसे बचा लें नहीं तो ससुराल वाले उसे जान से मार देंगे। इसके बाद वह अपनी बेटी को लेने के लिए बरेली रवाना हो गए और उसकी ससुसाल पहुंचकर उसे दहेज लोभियों के चंगुल से बचाया। पवन के मुताबिक 13 फरवरी को कार्तिक व उसके परिजन जबरन उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। कार्तिक के परिजनों ने कहा कि जब तक उन्हें दहेज में स्कॉर्पियो और नोएडा में एक फ्लैट नहीं मिलेगा तब तक वह उसकी बेटी को अपने साथ नहीं लेकर जाएंगे। पीड़ित की शिकायत पर थाना दादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है

**घर से लाखों रुपये...**

ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने भीतर जाकर देखा तो घर के अंदर रखी सारी अलमारियां खुली थी और उनमें रखे आभूषण गायब थे। पीड़िता के मुताबिक चोर उनके घर से सोने, चांदी तथा हीरे के जेवरातों को चोरी कर ले गए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**चोरी की बाइक...**

आरोपियों ने स्वीकार किया कि दोनों मोबाइल फोन चोरी के हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोइनुद्दीन उर्फ बाबू व रहमान बताये। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि बरामद मोबाइल उन्होंने 11 मार्च को एम-3 एम कंपनी के पास से एक लड़की के बैग से चोरी किया था। जबकि दूसरा मोबाइल फोन उन्होंने ओखला बर्ड सेंचुरी मेट्रो स्टेशन के ऑटो स्टैंड से चोरी किया था। बदमाशों ने स्वीकार किया कि उनके पास से बरामद बाइक भी चोरी है। उन्होंने यह बाइक बीते 14 मार्च को गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल कालिंदी कुंज दिल्ली से चोरी की थी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**'चुनाव प्रचार के लिए...**

हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी, मत प्राप्त करने के लिए जाति, संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्च, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। सभी दल और अभ्यर्थी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध है। कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभाएं, जुलूस, मतदान दिवस की गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही बताया कि मतदान बूथ पर मतदाताओं को छोड़कर ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा, जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य पास नहीं है। उन्होंने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेक्षकों को नियुक्त किया जाता है, यदि अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या होती है तो उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपए की राशि खर्च कर सकेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 127क का पालन हर हाल में करना होगा। प्रकाशक की पहचान के लिए घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। मुद्रित सामग्री की प्रति निर्धारित सेल में जमा करवानी होगी तथा मुद्रित सामग्री की संख्या व राशि बतानी होगी। उम्मीदवार की सहमति के बिना कोई समर्थक प्रचार सामग्री मुद्रित नहीं करवा सकेगा। उम्मीदवार की असहमति होने पर ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही का प्रावधान है।

इस अवसर पर समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरी मीणा, डीसीपी राम बदन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडेय, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, अन्य संबंधित अधिकारी गण एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालक उपस्थित रहे।

# एचसीएल साईक्लोथॉन में 23 राज्यों के 2500 साईकल चालकों ने हिस्सा लिया




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** 150 प्रोफेशनल साईक्लिस्ट, 1325 एमेचर्स,1000 ग्रीन राईडर्स, नोएडा के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों, आरडब्लूए सदस्यों एवं कॉलेज की छात्राओं ने भी स्वस्थ जीवनशैली के रूप में साईकल चलाने को बढ़ावा देने के लिए इसमें हिस्सा लिया।

विश्वप्रसिद्ध समूह, एचसीएल ने भारत के 23 राज्यों के 2500 से ज्यादा साईकल चालकों के साथ नोएडा ग्रेटर नोएडा शहर में एचसीएल साईक्लोथॉन रैली का समापन किया। इस समूह में 150 प्रोफेशनल साईक्लिस्ट, 1325 एमेचर्स, और 1000 ग्रीन राईडर्स थे। इस ग्रीन राईड में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों और महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। राईड की शुरुआत गौड़ चौक से नोएडा-ग्रेटर नोएडा लिंक रोड की ओर 13.5 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए हुई। एचसीएलटेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा, एचसीएल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर और एचसीएल हैल्थकेयर के सीईओ एवं वाईस-चेयरमैन, शिखर मल्होत्रा ने भी क्रमश: 27 किलोमीटर और 55 किलोमीटर की एमेचर रेस श्रेणियों में हिस्सा लिया।

यह साईकल रेस का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के साथ गठबंधन में साईक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया था। यह रेस देश में सबसे बड़े साईकल कार्यक्रमों में से एक थी, जिसमें पुरस्कार की राशि सर्वाधिक 33.6 लाख रुपये की थी। एमेचर श्रेणी के पुरस्कार में भारी वृद्धि के साथ पुरस्कार राशि 10 प्रतिशत बढ़ाई गई थी।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने दिखाई दरियादिली... सड़क हादसा देख रुकवाया काफिला



पणजी , एजेंसी। गोवा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक ट्रक घाटी में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच बच्चों सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार एजेसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह हादसा दक्षिण गोवा जिले के क्यूपेम शहर के पास हुआ है। सभी लोग ट्रक पर सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद ट्रक पलट गया और घाटी में गिर गया। उन्होंने कहा कि ट्रक में सवार लोग उसमें दब गए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों और तीन महिलाओं सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, हादसे के बाद मौके से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घायलों की मदद की। बता दें कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई चुनाव प्रचार के बाद रास्ते से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में एक्सीडेंट देख अपने काफिले को रोका और घायलों की मदद की। पुलिस ने बताया कि घायल लोगों को ट्रक से बाहर निकाला गया और पणजी के पास गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीएए का उद्देश्य प्रताड़ितों को राहत देना, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संविधान का दिया हवाला

हैदराबाद , एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि सीएए का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोसी देशों में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। कान्हा शांति वनम में वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए के संबंध में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ऐतिहासिक संदर्भ और पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर सीएए के कारण पड़ने वाले सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। संविधान न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है। सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, अन्यायपूर्ण और असमान विकास, धर्म या विश्वास के आधार पर दमन, असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा बढ़ने से विश्व परिदृश्य चिंताजनक है। इस स्थिति में हमारा भारत जो मानवता के छठे हिस्से का ठिकाना है, आशा की एक किरण है। हमारी सभ्यता के लोकाचार के केंद्र में सर्व धर्म समभाव का सिद्धांत है।

### लक्जरी होटल को लगाया चूना, फिर बीएमडब्ल्यू से पहुंचा आर्मी हेडक्वार्टर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में एक धोखेबाज के एंट्री करने की कोशिश का मामला सामने आया है। कोलकाता स्थित इस हेडक्वार्टर में यह शख्स खुद को हाई-रैंक ऑफिसर बताकर घुसने की फिराक में था। हांलाकि, उसकी चाल तभी नाकाम हो गई जब वह अधिकारियों के एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल नहीं लिख सका। यह नटवरलाल खुद को सेना का मेजर बता रहा था। इतना ही नहीं, वह एक काले रंग की बीएमडब्ल्यू कार से फोर्ट विलियम पहुंचा था जिसे एक ड्राइवर चला रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, एंट्री गेट पर इस शख्स ने अपने फोन पर एक आईडी कार्ड दिखाया। इस आइडी कार्ड पर 5वीं गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) यूनिट के मेजर एमएस चौहान का नाम लिखा था। इस दौरान उससे अधिकारियों के एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल लिखने के लिए कहा गया। मगर, वह महज अपना मोबाइल नंबर ही लिख पाया।




## साल 2024 बनाएगा नया रिकॉर्ड, दुनियाभर में 400 करोड़ से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2024 लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने की ओर बढ़ रहा है। दरअसल, इस साल दुनिया के 60 देशों में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके एक नया रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। कहा जा सकता है कि दुनिया की आधी से अधिक आबादी इस बार मतदान करने वाली है। संभावना जताई जा रही है कि 4 बिलियन यानी 400 करोड़ मतदाताओं के शामिल होने की उम्मीद है। अलग-अलग देशों में राष्ट्रपति से लेकर विधायी और स्थानीय चुनाव शामिल होंगे। 2024 का चुनावी कैलेंडर विविध प्रकार के मील के पत्थर प्रस्तुत करता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में किया जाएगा। वहीं, मतगणना 4 जून को किया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत में कुल मतदाताओं की संख्या 96.8 करोड़ है। बता दें कि 2019 में देश में मतदाताओं की संख्या 89 करोड़ 78 लाख के करीब थी। कुल मतदाताओं में से महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है, पुरुष मतदाताओं 49.7 करोड़ और लगभग 48,000 ट्रांसजेंडर मतदाता है। वहीं, फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने खास तैयारियां की हैं। इस साल चुनाव के लिए 1.48 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं रखी गई हैं। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं के लिए 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेंगे।

इसके साथ ही, इस साल पोस्टल बैलेट के जरिए 19.1 लाख सेवा कार्मिक और अन्य मतदाता वोट करेंगे, जो चुनावी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

## मैं करियर बनाने नहीं आया, पीएम पद की रेस पर बोले गडकरी; फडणवीस पर भी खुलकर बात

मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संबंधों को लेकर खूब चर्चा होती है। उन्होंने तमाम चर्चाओं पर खुद ही जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि पीएम मोदी और फडणवीस के साथ उनके कैसे संबंध हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल होने की अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।



गडकरी ने फडणवीस के साथ मतभेदों की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह फडणवीस के गुरु थे। साथ ही गडकरी ने यह भी कहा कि वह राजनीति में करियर बनाने के लिए नहीं आए हैं। वह एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और आरएसएस स्वयंसेवक बना रहना पसंद करते हैं। पीएम मोदी के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने काफी अच्छा काम किया था। 2014 में उन्हें पीएम कैंडिडेट घोषित करने के कारण बीजेपी को 2014 का चुनाव जीतने में मदद मिली थी। 2019 में भी हमने उनके नेतृत्व में अपना शानदार प्रदर्शन दोहराया। आज दस साल बाद हम यह कह पाने की स्थिति में हैं कि भाजपा ने एक दशक में जो हासिल किया, कांग्रेस पिछले 60-65 वर्षों में भी नहीं कर सकी। देश की जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है। एक बार फिर रिकॉर्ड अंतर से हमें चुनेंगे। गडकरी ने कहा कि हम निश्चित तौर पर 400 का आंकड़ा पार करेंगे।

इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि राजनीति सामाजिक-आर्थिक सुधारों का एक साधन है। इसलिए मेरा पदों को लेकर कोई आकर्षण नहीं है। पीएम मोदी के साथ मेरे रिश्ते बहुत मधुर हैं।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि ऐसी अटकलें लगती हैं कि फडणवीस के साथ कुछ मुद्दों पर एकमत नहीं हैं। मैंने फडणवीस के राजनीतिक प्रवेश की पहल उनके पिता से मिलने के बाद की थी। जब एक ही क्षेत्र से दो बड़े नेता हों तो लोग कयास लगाते रहते हैं। मैं इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करता हूं। ना ही मेरी कोई शिकायत है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले भी मुझसे सलाह लेते हैं। मैं उनसे कहता हूं कि नफा-नुकसान पर विचार करने के बाद ही निर्णय लें।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि मैं कभी भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में नहीं था। आज मैं जो कुछ भी हूं, उससे संतुष्ट हूं। मैं दृढ़ विश्वास के साथ एक प्रतिबद्ध भाजपा कार्यकर्ता हूं। मैं हिसाब-किताब लगाते रहने वाला नेता नहीं हूं। मैं सबका साथ सबका विकास में विश्वास करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सराहनीय काम कर रही है। मुझे विश्वास है कि हम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में फिर से सरकार बनाएंगे।

## अरविंद केजरीवाल के लिए सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, चेहरा बचाने की भी जंग

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपने सियासी चढ़ाव पर हैं। उन्होंने बीते 12 वर्षों में बगैर किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि या परिवार के नई पार्टी आप को राष्ट्रीय पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने जिस कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन कर राजनीति की सीढ़ियां चढ़ी, आज उसी कांग्रेस के साथ चार राज्यों में गठबंधन कर आप लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इन सबके बीच अरविंद केजरीवाल की चुनौती अपनी ईमानदार छवि को बरकरार रखने की है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़कर वह राजनीति में आए, आज खुद वह उन्हीं आरोपों में घिरे हैं। उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में करीब एक वर्ष से जेल में है। यह लोकसभा चुनाव उनके लिए सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं है बल्कि जीत के साथ जनता के बीच अपनी छवि को सही साबित करने की चुनौती है।

संगठन मजबूत करने से लेकर प्रचार और इंडिया गठबंधन के साथ चलना भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल लगातार तीन बार 2013, 2015 फिर 2020 में प्रचंड बहुमत लाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हैं।

केजरीवाल ने 2 अक्तूबर 2012 को राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की थी। नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी के नाम से दल की घोषणा की। 2013 में कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। हालांकि 49 दिन में यह सरकार गिर गई। वर्ष 2015 में दिल्ली में 70 में से 67 सीट जीतकर सरकार बनाई। 2020 में 62 सीट जीतकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। 2022 में पंजाब में 92 सीट जीतकर आप की सरकार बनी। गुजरात में पार्टी ने पांच विधानसभा और गोवा में 2 विधानसभा सीट पर जीत हासिल की। 2023 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला।

अरविंद केजरीवाल का जन्म 16 अगस्त 1968 में हरियाणा के हिसार जिले में हुआ। 1989 में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। फिर 1992 में आईआरएस सेवा के लिए चयनित हुए। आठ साल नौकरी करने के बाद उन्होंने 2000 में नौकरी छोड़ने का फैसला किया। फिर सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को लेकर काम किया। वर्ष 2010 में उन्होंने इंडिया अगेंस्ट करप्शन की शुरुआत की। 2010 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन से जुड़े। वर्ष 2012 में उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरुआत की।



गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में 26 मार्च को दूसरे चरण में मतदान होगा। इस बार सांसद चुनने के लिए 26 लाख से ज्यादा लोग मतदान करेंगे। पांच विधानसभा क्षेत्र के इस लोकसभा में सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा के हैं। पिछले दो चुनावों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 लाख 20 हजार मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें 14 लाख 21 हजार पुरुष और 11 लाख 98 हजार महिला मतदाता होंगे। मतदान के लिए 2669 बूथ होंगे। गौतमबुद्धनगर में नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा और सिकंद्राबाद विधानसभा शामिल है। खुर्जा और सिकंद्रबाद बुलंदशहर जिले का हिस्सा हैं। गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर चुनाव अधिकारी ने जनवरी तक के आंकड़ें जारी किए हैं। लिहाजा चुनाव से पहले इसमें मामूली फेरबदल की संभावना है। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार करीब 3 लाख 40 हजार मतदाता ज्यादा होंगे। पिछली बार 22.41 लाख मतदाताओं ने मतदान किया था। 2019 लोकसभा चुनाव में 60.49 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। वहीं 2014 में 60.39 प्रतिशत लोग लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुए थे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा (पहले खुर्जा) बनने के बाद से तीन लोकसभा चुनाव में दो बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में बसपा ने जीत हासिल की थी। 2009 लोकसभा चुनाव में करीब 15 हजार मतों से हार के बाद 2014 में भाजपा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 2,80, 212 मतों के अंतर से हराया। वहीं 2019 में जीत का अंतर और बढ़ गया। इस चुनाव में डॉ. महेश शर्मा ने बसपा उम्मीदवार को 3, 36, 922 मतों से मात दी। इस चुनाव में बसपा और सपा में गठबंधन था।

लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के प्रतिशत दर में इजाफा हुआ है। पिछले चुनाव में जिले में महिला मतदाता की दर 802 थी, जो इस बार 815 हो गई है। वहीं युवा मतदाताओं की दर 0.26 से बढ़कर 1.30 प्रतिशत हो गई है। 80 वर्ष से अधिक उम्र के सीनियर सिटिजन मतदाता 1.45 प्रतिशत है। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं का प्रतिशत 0.45 रहा है। पिछले चुनाव में बूथ नंबर 619, 620 व शारदा विश्वविद्यालय, झुंडपुरा, जेजे कॉलोनी आदि को सबसे कम मतदान हुआ था। डीएम ने बताया कि विश्वविद्यालय के बने बूथ में ऐसे युवा मतदाता को शामिल किया गया था, जो कॉलेजों में पढ़ाई करने के बाद बाहर रह रहे थे। वे यहां वोट डालने ही नहीं पहुंचे। कई इलाकों में बीएलओ की गलतियों से मतदान प्रतिशत घटा। इस बार बीएलओ को अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने का प्रमाण पत्र भी देना होगा।

### हरियाणा के रेवाड़ी में बड़ा हादसा, लाइफ लॉन्ग फैक्ट्री का बॉयलर फटा; 40 लोग घायल

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के रेवाड़ी में शनिवार शाम को बॉयलर फटने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि ये सभी लोग एक कारखाने के कर्मचारी थे। सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र यादव के अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना शहर के धारूहेड़ा इलाके में हुई। यादव ने कहा, हमने अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है और कारखाने में एम्बुलेंस भेजी गई है। करीब 40 लोग घायल हुए हैं और एक की हालत गंभीर है जिसे रोहतक रेफर किया गया है। द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, लाइफ-लॉन्ग फैक्ट्री में यह विस्फोट शाम करीब 7 बजे हुआ।

मीडिया रिपोर्ट में पीजीआईएमएस, रोहतक के निदेशक डॉ. एसएस लोहचब के हवाले से कुछ और जानकारियां दी गईं। इसमें बताया गया कि ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों को सतर्क कर दिया गया है। साथ ही मौजूदा स्थिति को देखते हुए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस को फैक्ट्री के लिए भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हालात का जायजा लेने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। सिटी पुलिस स्टेशन प्रमोद कुमार ने कहा, हमें यह सूचना मिली कि धारूहेड़ा में स्थित एक फैक्ट्री में बॉयलर फटा है।

### क्षेत्रीय स्तर तक सिमट गई है कांग्रेस की छवि, सीतारमण ने ग्रैंड ओल्ड पार्टी पर किया तीखा हमला



चेन्नई, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीके मूपनार और के.कामराज का उदाहरण देते हुए कांग्रेस पर प्रतिष्ठित राजनेताओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी की छवि क्षेत्रीय पार्टी की तरह सिमट गई है।

सीतारमण ने एक यूट्यूब चैनल के कार्यक्रम में कहा, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस ने जीके मूपनार को प्रधानमंत्री या यहां तक कि मुख्यमंत्री भी नहीं बनने दिया। के.कामराज की भी उपेक्षा की गई। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव है। उसकी छवि क्षेत्रीय पार्टी से आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस केवल लोगों को भ्रमित करने के लिए वादे कर रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना किसी पूर्वाग्रह के देश की प्रगति के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों से उन राजनीतिक दलों को खारिज करने की अपील की जिन्होंने मंदिरों को लूटा और नष्ट किया और बहुसंख्यक धर्म को खत्म करने की धमकी दी। कार्यक्रम में तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक जीके वासन ने कहा कि मोदी की हैट्रिक जीत तमिलनाडु को मजबूत और भारत को समृद्ध देश बनाएगी।

### अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण, ईडी के 9वें समन पर सुप्रिया सुले का बड़ा बयान

पुणे, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी करने के बाद, एनसीपी-एससीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतिशोध की राजनीति ने भारत पर कब्जा कर लिया है।

सुप्रिया सुले ने कहा, उन्हें कल ही अदालत से राहत मिल गई थी, लेकिन उन्हें एक बार फिर से समन जारी किया गया है। देश में प्रतिशोध की राजनीति चल रही है। स्वतंत्र लोकतंत्र का मतलब यह नहीं है। दुर्भाग्य से, अगर आप आज भारत को देखते हैं, तो जिस तरह से लोगों के खिलाफ एजेंसियों का इस्तेमाल किया जाता है। वह बहुत निराशाजनक है।

ईडी ने विशेष रूप से दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 मामले में अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच में आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी किया है और उन्हें 21 मार्च को जांच में शामिल होने के लिए कहा है।

ईडी का यह कदम इस मामले के सिलसिले में शनिवार को केजरीवाल के पहली बार शहर की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होने के एक दिन बाद आया है, क्योंकि एजेंसी ने इससे पहले अदालत में उनके



खिलाफ दो शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति की जांच में शामिल होने के लिए उनके समन की अवहेलना करने की शिकायत की गई थी। बाद में अदालत ने उन्हें एजेंसी द्वारा समन जारी न करने के मामले में जमानत दे दी।

ईडी द्वारा दर्ज शिकायतों के मामले में केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बॉन्ड पर जमानत मिल गई। वह जमानत पर हैं और अदालत ने उनसे ईडी के समन का जवाब देने और कानून का पालन करने को कहा है। कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को निर्देश दिया कि संविधान की शपथ लेने वाले व्यक्ति के लिए कानून का पालन करना उचित है। सुप्रिया सुले ने आगे इलेक्टोरल बॉन्ड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज अखबारों में कई आर्टिकल हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड एक बड़ा भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद।

## लिस्ट में कहीं नहीं था नाम, योगीराज को अचानक मिला राम लला की मूर्ति बनाने का काम

अयोध्या, एजेंसी। अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुए लगभग दो महीने हो गए हैं। भगवान राम की प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज का कहना है कि वह अभी तक न तो इस भावना को आत्मसात कर पाए हैं और न ही आराम कर पाए हैं। वह लगातार विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिए निमंत्रण पर देश का दौरा कर रहे हैं। आज भी उन्हें फोन कॉल और मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। वह सभी का जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं।

द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में योगीराज ने बताया कि उनका नाम इस काम के लिए मूर्तिकारों की शुरुआती शॉर्टलिस्ट में भी नहीं था। अंतिम निर्णय लेने से सिर्फ एक दिन पहले मंदिर ट्रस्ट द्वारा गठित समिति के सामने एक प्रस्तुति देने के लिए बुलाया गया था। मूर्ति बनाने के लिए जब तीन कलाकारों में से चुना गया तो उन्हें बड़ा झटका लगा। मूर्ति बनाने के लिए वह जिस पत्थर का उपयोग कर रहे थे वह गुणवत्ता परीक्षण में से एक में विफल हो गया। तब तक वह 70 प्रतिशत काम पूरा कर चुके थे। उन्हें बताया गया कि अगर वह लिस्ट में बने रहना चाहते हैं तो उन्हें यह सब फिर से करना होगा।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से तीन कुछ महीने पहले तीनों कलाकारों मूर्तियों को तराशने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। देश भर से लगभग एक दर्जन मूर्तिकारों को समिति के सामने अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था। योगीराज कहते हैं कि वह लिस्ट में नहीं थे। समिति की बैठक से ठीक एक दिन पहले उन्हें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सच्चिदानंद जोशी ने फोन किया।

आपको बता दें कि योगीराज का काम तब नोटिस में आया जब उन्होंने इंडिया गेट पर लगाई जाने वाली सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति





और केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की मूर्ति बनाई। दोनों का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

उन्होंने कहा, मेरी प्रस्तुति के बाद मुझे बताया गया कि हम में से तीन मूर्ति को तराशने के लिए अयोध्या में तैनात रहेंगे। इनमें से एक को अंततः मंदिर के लिए चुना जाएगा। योगीराज का कहना है कि उन्हें ट्रस्ट द्वारा चयन के बारे में लगभग एक महीने पहले यानी 29 दिसंबर को सूचित किया गया था। उन्होंने कहा, मैं उस तारीख को नहीं भूल सकता हूं।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीनों मूर्तिकारों को मुआवजा दिया है। जो दो मूर्तियां गर्भगृह तक नहीं पहुंच सकीं, उन्हें मंदिर परिसर के अंदर स्थापित किया जाएगा। अरुण योगीराज ने जून 2023 में मूर्ति को तराशना शुरू करने के बाद अगस्त तक लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया। तभी एक और परीक्षण के लिए तैयार किया गया। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने उन्हें तुरंत दिल्ली चलने को कहा।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि हम उस मूर्ति पर आगे नहीं बढ़ सकते, जिस पर मैं नक्काशी कर रहा था क्योंकि पत्थर पर आठ में से एक परीक्षण नकारात्मक आया था।नृपेंद्र मिश्रा ने योगीराज को समझाया कि चूंकि रामलला की मूर्ति बनाना एक ऐतिहासिक कार्य माना जाता है, इसलिए वे राष्ट्र के प्रति जवाबदेह हैं।

योगीराज से कहा गया, आपके पास अभी भी दो महीने हैं। इसलिए, सितंबर से एक नए पत्थर (कृष्ण शिला) पर काम करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने मूर्ति को गढ़ने के अपने पिछले अनुभव को सोचने की कोशिश की और काम शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि दो महीने में मैं मूर्ति पूरी करने में सक्षम हो गया। योगीराज कहते हैं कि उन्होंने कई छोटे-छोटे काम करना शुरू किया। उन्हें प्रति मूर्ति 1,500-2,000 रुपये की कमाई होती थी। वह कहते हैं, मैं हमेशा सोचता था कि मुझे बड़ा काम कब मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता था कि उनके लिए ऐसा कुछ होने वाला है।

खास खबर

## साबु ट्रेड के ग्यारह किस्म के मिलेट जल्द ही बाजार में

**मुंबई, एजेंसी।** 1993 से भारत का सर्वप्रथम एगमार्क प्रमाणित साबूदाना व अन्य स्वास्थ्यवर्धक एफएमसीजी उत्पादों के निर्माता साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम, चालीस वर्षों से लगातार देश भर में उच्चतम मापदंडों वाला साबूदाना एगमार्क में तथा शुद्ध फरीयाली साबूदाना पापड़ आदि उपलब्ध करा रही है । पिछले दस-पन्द्रह वर्षों में कम्पनी ने अनेक नये शुद्ध उत्पाद जैसे अल्पाहार ब्रांड में सेलम की उच्च करक्युमिन वाली हल्दी का पाउडर, नारियल का शुद्ध अति गुणवत्ता वाला कोलेस्ट्रोलमुक्त हाइ-फेट पाउडर, हेंड-पिक्ड फूल-मखाना आदि तथा कुकरीजॉकी ब्रांड में पाँच तरह के उच्च पोषक और स्वास्थ्यवर्धक श्रीधान्य (मिलेट) सोर्टेक्स क्लीन करवा कर पाँच किस्म मोरधन-भगर, कोदरा, कंगनी, झंगोरा और रागी आकर्षक उपभोक्ता पैक में लगातार बाजार में ग्राहक सेवा में उपलब्ध हैं । उपभोक्ता भी पूरे विश्वास से साबु के उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार में अच्छा प्रतिसाद दे रहे हैं । साबु ट्रेड के प्रबंध निर्देशक श्री गोपाल जी साबु ने अपने इंदौर प्रवास पर बताया कि - हमारी कम्पनी ने कुकरीजॉकी ब्रांड में छह उत्तम किस्म के अन्य श्रीधान्य ((छेना, राजगीरा, हरी कंगनी, ज्वार, बाजरा, और किनोवा मिलेट)भी सोर्टेक्स क्लीन कर उपभोक्ता पैकिंग में लाँच कर दिये हैं, जो इन्दौर के उपभोक्ताओं को अगले महीने से बाजार में उपलब्ध हो जायेंगे । इसके अतिरिक्त हमारी आर एंड डी टीम ने मिलेट और कसावा जमीकंद के मिश्रण से एक फरियाली आटा तैयार किया है, जो ग्लुटेन मुक्त होने के साथ पोषक भी है। पिछले दिनों इन्दौर में कई परिवारों में इस आटे का सेम्पल देकर गृहिनियों से रोटियाँ बनाने के बाद जब फीडबैक लिया तो पाया कि इस आटे की रोटियाँ, बिना गर्म जल के उपयोग के भी बहुत नर्म और स्वादिष्ट बनती है। सौ प्रतिशत पाज़िटिव फीडबैक के बाद कम्पनी अप्रैल माह से सच्चासाबु ब्रांड में इसका व्यावसायिक उत्पादन करने का विचार कर रही है।

## मप्र में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कुशल कामगार तैयार कर रही कामधेनू

**भोपाल।** सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता कामधेनू लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में पिछले एक साल में 500 से अधिक राजमिस्त्रियों को 'राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम' के अंतर्गत प्रशिक्षित किया। कंपनी राज्य में हर महीने 40-45 राजमिस्त्रियों के प्रत्येक समूह में निर्माण श्रमिकों के साथ नियमित बातचीत एवं प्रशिक्षण और गुणवत्ता कार्यक्रम सुनिश्चित करती है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी निर्माण क्षेत्र के बारे में नवीनतम जानकारी उन लोगों तक पहुंचाती है जो निर्माण और चिनाई के काम में शामिल हैं। कामधेनु की ओर से बैठक को प्रतिभागियों के लिए अधिक इंटरैक्टिव और रोमांचक बनाने के लिए एक विशेष रूप से तैयार की गई फिल्म भी दिखाई जाती है। जिसमे अच्छी किस्म के मैटेरियल का उपयोग करने पर बल दिया जाता है। निर्माण में स्टील के उपयोग के बारे में बात करने के अलावा, राजमिस्त्री कंपनी के इनोवेटिव उत्पादों जैसे अगली पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील कामधेनु एनएक्सटी के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हैं। कार्यक्रम को राजमिस्त्री समुदाय से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, वर्ष 2009 में शुरू किए गए 'राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम'का उद्देश्य संरचनात्मक सुरक्षा और निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजमिस्त्रियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाना था। इसका लक्ष्य हमारे देश की अकुशल श्रमिक आबादी का उत्थान करके राजमिस्त्रियों और निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ पहुंचाना है। निम्न-गुणवत्ता वाली स्थानीय सरिया के उपयोग से निर्माण की गुणवत्ता खराब होती है। बार-बार मरम्मत की आवश्यकता होती है।

# 150 पर जाएगा संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल का शेयर, अभी बेहद सस्ता है भाव, 1 लाख को बना चुका है 15 करोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लंबी अवधि के निवेशकों को तगड़ा मुनाफा होता है। आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने लंबी अवधि में अपने निवेशकों को तगड़ा मुनाफा कराया है। हम बात कर रहे हैं- संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर की। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर लंबी अवधि में 138,900 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वर्तमान में इस शेयर की कीमत 111.20 रुपये है। हालांकि, ब्रोकरेज के मुताबिक इस शेयर में अभी और तेजी आ सकती है।

### कभी 0.080 पैसे का था शेयर

आपको बता दें कि संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों की कीमत साल 1999 में 1 पैसे से भी कम था। वर्तमान में यह शेयर 111.20 रुपये का है। यानी इस दौरान इसने अपने निवेशकों को 138,900 प्रतिशत का तगड़ा रिटर्न दिया है। इसका मतलब है कि लगभग 25 साल पहले अगर किसी निवेशक ने इस शेयर में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उन्हें वर्तमान में 15 करोड़ रुपये तक का मुनाफा कराया है। सालभर में यह शेयर 64.01 प्रतिशत चढ़ा है।

### क्या है ब्रोकरेज की राय

ब्रोकरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर इस शेयर पर बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज ने इस शेयर पर 150 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ काउंटर पर बाय कॉल दिया है। 31-12-2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने 25752.26 करोड़ रुपये की समेकित कुल आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही की कुल आय 23639.16 करोड़ रुपये से 8.94 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही की कुल आय 20348.32 करोड़ रुपये से 26.56 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने नवीनतम तिमाही में 569.20 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ दर्ज किया। 31-दिसंबर-2023 तक कंपनी में प्रमोटरों की 64.78 फीसदी हिस्सेदारी थी, जबकि एफआईआई के पास 10.78 फीसदी, डीआईआई के पास 15.27 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# 99 प्रतिशत टूटकर 22 पर आया रिलायंस पावर का शेयर, अब खरीदने की मची लूट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाजार में बिकवाली के बीच अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 4.98 प्रतिशत की तेजी के साथ 22.13 रुपये पर बंद हुआ। 8 जनवरी 2024 को यह शेयर 33.10 रुपये पर बंद हुआ। यह रिलायंस पावर के शेयर के 52 हफ्ते का हाई का है। 28 मार्च 2023 को शेयर 9.05 रुपये पर बंद हुआ था, जो 52 हफ्ते का निचला स्तर है। रिलायंस पावर के शेयर 23 मई 2008 को 274.84 रुपये पर थे। रिलायंस पावर के शेयर 99 पर्सेंट से अधिक की गिरावट के साथ 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर पहुंच गए थे। हालांकि, इसके बाद रिलायंस पावर के शेयरों में ताबड़तोड़ रिकवरी देखने को मिली है।

रिलायंस पावर की कीमत में तेजी की वजह कंपनी से जुड़ी एक खबर है। रिलायंस पावर ने कहा कि कंपनी ने 14 मार्च को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत रिलायंस पावर लिमिटेड की प्रमोटर रिलायंस इंफ्रा वित्तीय सुविधा के लिए कॉर्पोरेट गारंटर बनी है। आईसीआईसीआई बैंक के पास रिलायंस इंफ्रा में 211 इक्विटी शेयर और रिलायंस पावर में 886 शेयर हैं। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो दिसंबर तक रिलायंस पावर में प्रमोटर की हिस्सेदारी 24.49 फीसदी थी। इसी तरह, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 75.51 फीसदी की थी। बता दें कि अनिल अंबानी कंपनी के प्रमोटर हैं, जिनके पास रिलायंस पावर के 4,65,792 शेयर हैं। प्रमोटर में रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है। इसके पास रिलायंस पावर के 93,01,04,490 शेयर या 24.40 फीसदी हिस्सेदारी है। अनिल अंबानी की प प्रतिशती टीना अंबानी के पास कुल 4,12,708 शेयर हैं।

# 3 दिन में 17 रुपये सस्ता हुआ पेट्रोल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक सप्ताह में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 बार बड़ी कटौती की गई है। पहले गुरुवार को देशभर में 2 रुपये की कटौती की गई तो शनिवार को लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15.3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गई। दरअसल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इसके लिए हुए खर्च की वसूली के लिए लागू अतिरिक्त शुल्क को हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है।

### किस द्वीप पर कितनी कीमत

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लक्षद्वीप के एंड्रोट और कल्पेनी द्वीपों में 15.3 रुपये प्रति लीटर और कावारत्ती तथा मिनिकॉय में 5.2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। कावारत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत पहले के 105.94 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। एंड्रोट और कल्पेनी में पेट्रोल की कीमत 116.13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह, कावारत्ती तथा मिनिकॉय में डीजल की दरें पहले के 110.91 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर और एंड्रोट तथा कल्पेनी में 111.04 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। नयी दरें 16 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने पोस्ट में कहा-लक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों- कावारत्ती, मिनिकॉय, एंड्रोट और कल्पेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के पास कावारत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं, और इन डिपो में उत्पाद की आपूर्ति केरल के कोच्चि में स्थित आईओसी डिपो से की जाती है।

### दिल्ली में कितनी है कीमत

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिल रहा है। इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें करीब दो साल से स्थिर बनी हुई थीं। बता दें देश में आज सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्टब्लेयर में 82.42 रुपये और डीजल 78.01 रुपये लीटर बिक रहा है।

# बैंकों में 5 दिन काम पर वित्त मंत्री का बयान, कहा- अफवाहों पर न दें ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह में पांच दिन काम और हर शनिवार की छुट्टी के लिए बैंक कर्मचारियों का इंतजार लंबा खिंच सकता है। कुछ ही दिन पहले बैंक एसोसिएशन और बैंक कर्मचारियों के यूनियन के बीच विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनने के बाद इस बात की उम्मीद बढ़ गई थी कि चुनाव से पहले बैंक कर्मचारियों को 5-डे वर्क वीक का तोहफा मिल सकता है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि लाखों बैंक कर्मचारियों के हाथों निराशा आने वाली है।

### वित्त मंत्री ने की ये दो टूक टिप्पणी

बैंकों में 5 दिनों के सप्ताह को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक अपडेट दिया। वित्त मंत्री सीतारमण से बैंक कर्मचारियों के वर्क-लाइफ बैलेंस और बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिन काम के बारे में चल रही बातों के बारे में पूछा गया। उसके जवाब में वित्त मंत्री ने दो टूक कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।



### पिछले सप्ताह इन मुद्दों पर समझौता

इससे पहले 8 मार्च को बैंकों के संगठन इंडियन बैंक एसोसिएशन यानी आईबीए और विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों के यूनियन के बीच समझौता हुआ था। समझौते में बैंक कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी पर सहमति बन गई। उसके बाद अब विभिन्न सरकारी बैंकों के कर्मचारियों की सैलरी में 17 फीसदी का इजाफा होने वाला है। सैलरी के अलावा महंगाई भत्ता बढ़ने समेत कुछ अन्य फायदों पर भी बात बन गई है। हालांकि बैंक कर्मचारियों की एक पुरानी मांग को लेकर स्थिति साफ नहीं हुई है। बैंक कर्मचारी लंबे समय से मांग कर रहे हैं बैंकों में हर सप्ताह सिर्फ 5 दिनों का ही काम होना चाहिए और हर सप्ताह दो दिनों की छुट्टी होनी चाहिए। अभी बैंक कर्मचारियों को हर रविवार को तो छुट्टी मिलती है लेकिन हर शनिवार को बैंक बंद नहीं होते हैं। महीने के पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को बैंक खुले रहते हैं। बैंक कर्मचारी पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को भी उसी तरह से छुट्टी की मांग कर रहे हैं, जैसे अभी उन्हें हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी मिलती है। बैंक यूनियन और एसोएिशन के समझौते के बाद ऐसी खबरें चल रही थीं कि अब इसकी मंजूरी पर वित्त मंत्रालय की मंजूरी ही बाकी है। वित्त मंत्रालय से चुनाव के ऐलान से पहले इस पर मुहर की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि अब तक ऐसा कुछ हुआ नहीं है और वित्त मंत्री ने फिलहाल ऐसा न होने का साफ संकेत भी दे दिया है।

## अमेरिका अडानी समूह के खिलाफ घूस देने की आशंका की जांच कर रहा, कंपनी ने कहा- हमें जानकारी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारत के अडानी समूह की अपनी जांच का दायरा बढ़ाया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कंपनी के संस्थापक गौतम अडानी और कंपनी रिश्वतखोरी में शामिल है या नही। ब्लूमबर्ग न्यूज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में मामले के बारे प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से दावा किया गया है कि अभियोजक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या गौतम अडानी सहित अडानी समूह की किसी इकाई या कंपनी से जुड़े लोगों ने एक ऊर्जा परियोजना के लिए भारत में अधिकारियों को भुगतान किया है? रिपोर्ट के अनुसार न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी के कार्यालय और वाशिंगटन में न्याय विभाग की धोखाधड़ी इकाई यह जांच कर रही है।

# पीएनबी ग्राहक 19 मार्च से पहले कर लें केवाईसी अपडेट वरना फ्रीज हो जाएगा खाता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राज्य के स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों से 19 मार्च, 2024 तक अपने ग्राहक को जानें डिटेल अपडेट करने के लिए कहा है, ताकि वे अपने खातों को सुचारू रूप से संचालित कर सकें। यह भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जहां उसने कहा था कि जिन ग्राहकों के खातों में केवाईसी अपडेट 31 दिसंबर, 2023 तक होना था, उन्हें इसे 19 मार्च, 2024 तक करना चाहिए। ग्राहकों को अपनी अपडेट जानकारी जैसे आधार कार्ड, पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, हालिया फोटो, पैन, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी अपनी आधार ब्रांच को देनी होगी। यह 19.03.2024 तक पीएनबी वन/इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेज (आईबीएस)/रिजस्टर्ड ई-मेल/पोस्ट के जरिए किसी भी ब्रांच में व्यक्तिगत रूप से जाकर किया जा सकता है। अगर आप तय समय के भीतर केवाईसी डिटेल अपडेट करने में विफल रहते हैं तो आपका अकाउंट प्रभावित हो सकता है।
बैंक ने ग्राहकों को डिटेल अपडेट करने की याद दिलाने के लिए एसएमएस अलर्ट भेजा है। बैंक ने कहा कि अगर ग्राहक 19 मार्च तक अपना केवाईसी पूरा करने में विफल रहते हैं, तो वे आपके बैंक खाते का उपयोग नहीं कर पाएंगे और यह फ्रीज भी हो सकता है। इसलिए, अपनी बैंक शाखा में जाना और समय सीमा से पहले अपना केवाईसी करवाना महत्वपूर्ण है। बता दें कि कई बैंकों पर केवाईसी नियमों का पालन न करने पर बड़े जुर्माने भी लगाए गए हैं। केवाईसी अपडेट रहने से ग्राहक सही जानकारी बैंकों के पास बनी रहती है। इसके अलावा केवाईसी अपडेट रहने से कई तरह के वित्तीय क्राइम पर रोक लगाने का काम किया जा सकता है।

## आईआईएम लखनऊ ने 785 छात्रों को डिग्री प्रदान की

**लखनऊ, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) ने आज अपने 38वें दीक्षांत समारोह की मेजबानी की, जो इसके 785 स्नातक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। आईआईएम लखनऊ के 38वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 785 छात्रों को आईआईएम लखनऊ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष श्री नटराजन चंद्रशेखरन और आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रोफेसर अर्चना शुक्ला द्वारा उनकी डिग्री प्रदान की गई। ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड की चेयरपर्सन और प्रबंध निदेशक सुश्री मल्लिका श्रीनिवासन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने दीक्षांत भाषण दिया, जिसमें स्नातक वर्ग को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की गई कि कैसे आज का युग अवसरों से भरा हुआ है, जिससे उन्हें इसका लाभ उठाने की प्रेरणा मिली। क्षण भर रुकें और दृढ़ संकल्प और आशावाद के साथ अपनी-अपनी यात्रा पर निकल पड़ें। अपने प्रेरणादायक संबोधन में माननीय मुख्य अतिथि ने अपने पेशेवर अनुभवों और वैश्विक सीखों से प्राप्त व्यावसायिक अंतर्दृष्टि साझा की और कहा,समकालीन परिदृश्य में, भारत एक विविध और गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र प्रस्तुत करता है। यह व्यक्तियों को अपने स्वयं के पाठ्यक्रम निर्धारित करने के लिए सशक्त बनाता है, चाहे वह पेशेवर नेतृत्व, उद्यमशीलता प्रयास, प्रभावशाली सार्वजनिक नीतियों को आकार देने या सार्थक सामाजिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में हो। विभिन्न क्षेत्रों में फैले अवसरों की इस श्रृंखला के बीच , निर्णायक विभेदक कुशल नेतृत्व है। जैसे-जैसे नेतृत्व की धारणा विकसित हो रही है, इसका सार स्थायी और सार्थक परिवर्तन को प्रेरित करने, संगठित करने और चलाने की क्षमता पर आधारित रहता है, जो स्थायी गुणों के रूप में रणनीतिक दूरदर्शिता से पूरित होता है। इस गतिशील सेटिंग में, व्यक्तियों के पास है अपने स्वयं के व्यक्तिगत और व्यावसायिक प्रक्षेप पथ को आकार देते हुए भारत के विकास के विस्तार को भुनाने का अवसर। जैसे ही आप पेशेवर नेताओं, उद्यमियों और नीति निर्माताओं की हमारी नई पीढ़ी के रूप में रोमांचक दुनिया में कदम रखते हैं।

# सरकारी स्कीम पर टूट पड़े लोग, 78000 का मिल रहा फायदा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों ने रजिस्ट्रेशन करा लिए हैं। इस उपलब्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गदगद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- इस योजना के लॉन्च होने के एक महीने में 1 करोड़ से अधिक परिवारों ने पहले ही पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश के सभी हिस्सों से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 5 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन देखे जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह अनूठी पहल ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ परिवारों के लिए बिजली व्यय में पर्याप्त कटौती के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस धरती को विशाल स्तर पर पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने के पर्यावरण के लिए जीवन शैली (एलआईएफई) में योगदान करने के लिए तैयार है।

पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के जरिए 1 करोड़ घर के छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। योजना के तहत लाभार्थी को सरकार अलग-अलग कैटेगरी में 78,000 रुपये तक की सब्सिडी देती है। इससे लाभार्थी को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी, जिससे सालाना 18 हजार रुपये बचत का अनुमान है। बता दें कि योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट क्षमता वाले पैनल के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक वाले पैनल के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है।

# जोमैटो को 8.57 करोड़ का जीएसटी नोटिस मिला

### गुजरात के टैक्स डिपार्टमेंट ने की डिमांड, कंपनी का मार्केट कैप 1.39 लाख करोड़




**मुंबई, एजेंसी।** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो को 8.57 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी ऑर्डर मिला है। गुजरात स्टेट टैक्स के डेप्युटी कमिश्नर ने फाइनेंशियल ईयर 2018-19 के संबंध में कंपनी को यह ऑर्डर जारी किया है।

जोमैटो ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि ऑर्डर में कंपनी से 4,11,68,604 रुपए के जीएसटी का पेमेंट करने को कहा गया है। इसके साथ 4,04,42,232 रुपए का ब्याज और 41,66,860 रुपए का जुर्माना भरने को भी कहा गया है। टोटल यह अमाउंट 8,57,77,696 रुपए होता है। यह आदेश जीएसटी रिटर्न्स और अकाउंट्स के ऑडिट के बाद आया है। जोमैटो ने कहा कि जीएसटी ऑर्डर सीजीएसटी एक्ट 2017 के सेक्शन 73 और सीजीएसटी एक्ट 2017 के तहत जारी हुआ है। आदेश में कहा गया कि ऑडिट में पाया गया कि कंपनी ने एडिशनल इनपट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और जीएसटी का कम भुगतान किया। इसके चलते यह तस्ख्न ऑर्डर जारी हुआ है। जोमैटो का कहना है कि उसने कारण बताओ नोटिस के जवाब में सभी मसलों पर संबंधित दस्तावेजों, सर्कुलर्स आदि के साथ चीजें साफ कर दी थीं। लेकिन ऐसा लगता है कि अधिकारियों ने ऑर्डर पास करते हुए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया। जोमैटो ने आगे कहा कि वह उचित अधिकारियों के समक्ष इस आदेश को चुनौती देगी। जोमैटो का शेयर शुक्रवार (15 मार्च) को 4.68त्न की तेजी के साथ 159.90 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का मार्केट कैप 1.39 लाख करोड़ रुपए है। शेयर ने पिछले एक साल में अपने निवेशकों को 191.26त्न का रिटर्न दिया है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024

# विराट को किसी भी कीमत पर टी-20 टीम में चाहते हैं रोहित शर्मा

## वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी कीर्ति आजाद ने किया बड़ा दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबर तेजी से फैली, ये खबर सबसे पहले अखबार 'टेलीग्राफ' में छपी थी। लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने इस खबर को गलत बताया है। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ी का कहना है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह को बताया है कि टीम को 'हर हाल में' कोहली की जरूरत है।

### जून में खेला जाएगा टी20 वर्ल्ड कप

विराट कोहली को ना लेने की खबर इसलिए आई क्योंकि सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई सिलेक्टर्स को लगता है कि कोहली टी20 फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।आईपीएल खत्म होने के बाद ही जून 2 से 29 तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से भारत कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है। विराट कोहली करीब दो महीने से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। बेटे की जन्म की वजह से वह लंदन में थे। आईपीएल शुरू होने से पहले विराट कोहली भारत लौट चुके हैं।

### कीर्ति आजाद ने क्या लिखा

कोहली को वर्ल्ड कप टीम में ना लिए जाने की खबरों को गलत बताते हुए कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि मूर्खों को सिलेक्शन प्रक्रिया में नहीं घुसना चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- जय शाह चयनकर्ता नहीं हैं, उन्हें अजीत अगरकर को जिम्मेदारी क्यों देनी चाहिए कि वे अन्य चयनकर्ताओं से बात करें और उन्हें समझाएं कि विराट कोहली को टी20 टीम में जगह नहीं मिल रही है। इसके लिए 15 मार्च तक का समय दिया गया था। सूत्रों की मानें तो अजीत अगरकर न तो खुद को और न ही दूसरे चयनकर्ताओं को मना पाए। जय शाह ने रोहित शर्मा से भी पूछा लेकिन रोहित ने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर विराट कोहली चाहिए। विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप खेलेंगे और इसकी आधिकारिक घोषणा टीम चयन से पहले की जाएगी। मूर्खों को चयन प्रक्रिया में स्वयं को शामिल नहीं करना चाहिए।

# अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टी-20 मैच नहीं खेलेंगी न्यूजीलैंड क्रिकेट

वेलिंग्टन (एजेंसी)। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरु हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा, भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी।



वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। वह रविवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला करेंगी। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा। डिवाइन और केर के अनुपलब्ध होने पर सुजी बेट्स शुरुआती टी-20 मैच में न्यूजीलैंड की टीम का नेतृत्व करेंगी।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'श्रृंखला की शुरुआत के लिए हमारे साथ केर और सोफी का न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि पिछले कुछ समय से ऐसा हो रहा है इसलिए हमने सभी परिदृश्यों के लिए योजना बनाई है और सकारात्मक बात यह है कि इससे अन्य खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।

इंग्लैंड के भी चार खिलाड़ी अपनी डब्ल्यूपीएल में खेलने के कारण पांच में से पहले तीन टी-20 के लिए अनुपलब्ध हैं। ऐलिस कैप्सी (दिल्ली कैपिटल्स), सोफी एक्लेस्टोन (यूपी वारियर्स), नेट साइवर-ब्रंट (मुंबई इंडियंस) और डैनी व्याट (वॉरियर्स) केवल चौथे टी-20 से पहले टीम के साथ जुड़ेंगी। वहीं आरसीबी के खेल रही केट क्रॉस को केवल एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रही इस्सी वोंग को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली।

# वॉटसन-सैमी ने पीसीबी को दिया झटका


पाकिस्तान के कोच बनने का प्रस्ताव ठुकराया



कराची (एजेंसी)।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है जिससे पीसीबी की विदेशी कोच की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। सैमी ने पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। वॉटसन इस बात से खफा हो गए कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद शनिवार रात को स्वदेश लौट गए।

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी। उन्होंने बताया, 'वॉटसन ने शुरू में दिलचस्पी दिखाई थी और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ वित्तीय और अन्य शर्तें रखी थीं। बोर्ड ने वॉटसन की वित्तीय मांगों को कमोबेश स्वीकार करने के बाद यह पूर्व खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं था कि उसके प्रस्तावित पैकेज का विवरण पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया में लीक हो गया। वॉटसन ने इसके बाद विनम्रतापूर्वक इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और मेजर क्रिकेट लीग (अमेरिका) में कमेंटेटर के रूप में उनकी पूर्व प्रतिबद्धताएं हैं। इसके साथ ही वह सिडनी में अपने परिवार को अधिक समय देना चाहते हैं। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक पीसीबी ने वाटसन को दो मिलियन डॉलर (लगभग 16.60 करोड़ भारतीय रुपए) सालाना देने के लिए तैयार हो गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बोर्ड अब किसी घरेलू कोच को अंतरिम आधार पर नियुक्त करना चाहता है।

## सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



हैदराबाद (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने उम्मीद जताई है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हेड सनराइजर्स की टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप की जीत में अहम भूमिका निभाने वाला यह 30 वर्षीय बल्लेबाज 6 साल बाद आईपीएल में खेलेगा। सनराइजर्स हैदराबाद के रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो में हेड ने कहा, 'मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। वापसी करके अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि मेरे लिए यह सत्र अच्छा होगा। टीम अच्छी लग रही है। उम्मीद है कि मैं टीम के लिए अपना योगदान दूंगा। मैं खचाखच भरे स्टेडियम में खेलने को लेकर रोमांचित हूं। सनराइजर्स की कमान इस बार ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस संभाल रहे हैं। सनराइजर्स ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की अगुवाई में खिताब जीता था।

# पिता का अधूरा सपना करेगा अराइजीत सिंह, विराट से लेते हैं प्रेरणा



नई दिल्ली (एजेंसी)। उनके दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल पेरिस ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर सबका अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं। अराइजीत ने इंटरव्यू में कहा, 'अगर मैं पेरिस ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा।

ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। 20 साल के हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिये सर्वाधिक चार गोल किए थे।

उन्होंने कहा, 'पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं। दादाजी हॉकी खेलते थे। पापा के तीन भाई थे और सभी राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेले हैं। सभी को हॉकी के आधार पर ही नौकरी मिली लेकिन भारतीय टीम में कोई जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, 'मेरे पापा 1999 में राष्ट्रीय शिविर में थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें बीच में शिविर छोड़कर जाना पड़ा। आखिरी अब मैं ही रह गया हूं क्योंकि मेरे अलावा अब परिवार में कोई नहीं खेलता। लेकिन मुझे यकीन है कि मैं उनके सपने पूरे करूंगा।

एलपीयू से बीए कर रहे अराइजीत ने सीनियर स्तर पर खेलने के बारे में कहा, 'जूनियर से बिल्कुल अलग है सीनियर हॉकी। मैने तीन चार साल जूनियर हॉकी खेली और दो विश्व कप भी खेल चुका हूं। पिछले विश्व कप में मेरे प्रदर्शन को देखकर ही सीनियर टीम में चयन हुआ। उन्होंने कहा, 'मुझे दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण का मौका मिला और फिर भारत में एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ मौका दिया। यह हमारी खुशकिस्मती है कि हमें सीनियर करियर की शुरूआत में ही ओलंपिक की तैयारी के लिए लगाए गए शिविर में जगह मिली है।

राउरकेला में नीदरलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में गोल करने वाले हुंडल ने कहा कि उन्होंने दबाव के बारे में सोचे बिना अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। हुंडल ने कहा, 'मैदान में काफी दर्शक थे और मैने सोचा नहीं था कि मौका मिलेगा। लेकिन जब मिला तो मैने सोचा कि यही मौका है जब कुछ कर दिखाना है और यह गंवा दिया तो पछतावे के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। मुझे सीनियर खिलाड़ियों ने भी समझाया कि दबाव में नहीं आना है और स्वाभाविक खेल दिखाना है।

उन्होंने कहा कि टीम में जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का तालमेल जबर्दस्त है जिससे काफी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा, 'बांडिंग बहुत अच्छी है जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों की। कोई भी सवाल होते हैं या नर्वस होते हैं तो बेहिचक उनके पास जाकर पूछते हैं। मैदान पर गलती होने पर डांटते भी हैं और अच्छा खेलने पर हौसलाअफजाई भी करते हैं।% टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बारे में उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि जूनियर खिलाड़ी सीनियर को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे हैं और सीनियर्स को देखकर जूनियर अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा टीम के लिए जरूरी भी है। अगर हम एक दूसरे को पुश नहीं करेंगे तो टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर कैसे जाएगा।

आम तौर पर ड्रैग फ्लिकर डिफेंडर होते हैं लेकिन वह लीक से हटकर स्ट्राइकर होते हुए ड्रैग फ्लिक कैसे करने लगे। यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'मैं बचपन से स्ट्राइकर ही रहा हूं लेकिन एक बार ड्रैग मारने का ट्राय किया तो मुझे बहुत मजा आया। इसके बाद ड्रैग फ्लिक पर फोकस किया और धीरे धीरे सीखता गया। उन्होंने कहा, 'हमारे कप्तान हरमनप्रीत मेरे फेवरिट है। उनकी शैली तो कॉपी नहीं करता लेकिन तकनीकी तौर पर बहुत कुछ सीखता हूं उनसे।%

हॉकी के अलावा क्रिकेट के शौकीन हुंडल के पसंदीदा खिलाड़ी विराट कोहली है जिनसे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, 'मेरे फेवरिट क्रिकेटर विराट कोहली है क्योंकि उनके तेवर, आक्रामकता और आत्मविश्वास प्रेरित करने वाले हैं। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके इंटरव्यू देखता हूं कि मैच में कैसे खेलते हैं और विरोधी खिलाड़ियों को कैसे जवाब देते हैं।

## गुलवीर ने 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया।



इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे।

# इस आईपीएल खुलकर खेलें रोहित शर्मा, मुंबई को होगा सीधा फायदा : आरोन फिंच



नई दिल्ली(एजेंसी)।आस्ट्रेलिया के पूर्व टी20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब खुलकर बल्लेबाजी करेंगे जिसका 5 बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई ने 5 खिताब जीते लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त किया गया है। फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती मैदान पर उतरकर पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावरप्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

मेरे परिवार पर असर पड़ रहा है

# धनश्री वर्मा ने तोड़ी चुप्पी, प्रतीक उटेकर से रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने इंस्टाग्राम पर लाइव होकर कोरियोग्राफर प्रतीक उटेकर के साथ रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। धनश्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा कि लोगों की इस सुगबुगाहट के कारण उनके परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रतीक और धनश्री की तस्वीर वायरल होने पर सोशल मीडिया पर खूब कमेंट आए थे। यह तस्वीर डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के सीजन 11 के बाद फराह खान द्वारा आयोजित पार्टी के दौरान खींची गई थी। इस पार्टी में युजी चहल भी मौजूद थे।





बहरहाल, लाइव आकर धनश्री ने कहा कि अपने इंस्टाग्राम को फिर से शुरू करने से पहले, मुझे लगा कि मुझे कुछ चीजें साझा करने की ज़रूरत है, इसलिए मैं बोलूंगी। मैंने इसे लिखा है। इसे पढ़ा है। आप इसके बारे में कैसा महसूस कर रहे हैं? पहले पूछना और इंसान बनना, फिर कुछ राय सामने रखना इतना आसान है। मैं अपने जीवन में कभी भी ट्रोल या मीम्स से प्रभावित नहीं हुई। लेकिन हालिया ट्रोल को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। इस बार इसका मुझ पर असर इसलिए पड़ा है क्योंकि इसका असर मेरे परिवार और करीबियों पर पड़ा है।

धनश्री ने कहा कि मंच से दूर रहना शांतिपूर्ण है। चूंकि आप सभी को सोशल मीडिया पर अपने दिल और चरित्र को व्यक्त करने की आजादी है, इसलिए आप हमारी और हमारे परिवारों की भावनाओं को नजरअंदाज करना भूल जाते हैं। इसके कारण सोशल मीडिया से डिटॉक्स लेने का निर्णय लिया गया और मुझ पर विश्वास करें, यह बहुत शांतिपूर्ण था। लेकिन इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि अगर हम इस माध्यम को इतना नकारात्मक बना देते हैं, तो हम केवल बड़े पैमाने पर नफरत फैला रहे हैं।

27 वर्षीया ने कहा कि अपने पेशे को देखते हुए मैं सोशल मीडिया से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकतीं, लेकिन उन्होंने कुछ भी अपमानजनक या आहत करने वाला पोस्ट करने से पहले संवेदनशीलता बरतने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मेरे काम का एक प्रमुख हिस्सा है और मैं इसे छोड़ नहीं सकती। यही कारण है कि मैंने आज साहस जुटाया है और अपना रचनात्मक पक्ष आज यहां रखा है।

हार्दिक पांड्या पर पहली बार बोले आशीष नेहरा

# हमने उसे मनाने की कोशिश नहीं की

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात टाइटंस ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल का खिताब जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि आगामी सत्र के लिए कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं।



नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक पंड्या और (चोटिल) मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है। लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना आपको अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां 2 साल तक खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे।

नेहरा से पूछा गया कि वह शुभमन गिल को एक कप्तान के रूप में कैसे देखते हैं तथा वह उस टीम का किस तरह से नेतृत्व करेंगे जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी हैं। नेहरा ने कहा कि एक कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं कि वह कैसे काम करता है और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि वह तीनों प्रारूप में खेलना और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है, इसलिए एक फ्रेंचाइजी के रूप में हम उसे एक कप्तान के बजाय एक इंसान के रूप में बेहतर बनने में मदद करना चाहेंगे।

नेहरा ने इस संदर्भ में हार्दिक का उदाहरण दिया जिन्हें 2022 में कप्तान के रूप में टीम से जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि हार्दिक के गुजरात टाइटंस से जुड़ने से पहले उन्हें किसी टीम की कप्तानी करने का अनुभव नहीं था। आईपीएल में 10 टीम खेलती हैं और आपको नए कप्तान देखने को मिलेंगे। श्रेयस अय्यर और यहां तक की नितीश राणा ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की। यह देखना होगा कि कौन खिलाड़ी कप्तान के रूप में आगे बढ़ता है।



# अंदाज अपना-अपना 2 की स्क्रिप्ट पर हो रहा है काम

**आमिर खान हाल ही में सोशल मीडिया पर लाइव आए थे। इस लाइव वीडियो में एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर के बारे में बात की। अभिनेता ने लाइव आकर अपने फैंस को एक सरप्राइज दिया।**

आमिर ने अपनी फ्लॉप फिल्म 'अंदाज अपना अपना' के सीक्वल को लेकर संकेत दिया। गौरतलब है कि साल 1994 में प्रदर्शित हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी। हालांकि, बाद में लोगों ने इस फिल्म को खूब पसंद किया। आईएमडीबी पर इस फिल्म को 8 रेटिंग मिली है। अभिनेता ने कहा, 'फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी अंदाज अपना अपना-2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने इसके बारे में सोचना शुरू किया क्योंकि मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए और दर्शकों के देखने के लिए एक बेहतरीन फिल्म होगी। लाइव के दौरान जब एक प्रशंसक ने आमिर से पूछा कि वह उन्हें सलमान और शाहरुख के साथ सिल्वर स्क्रीन पर कब देख पाएंगे? तब आमिर ने कहा, मुझे भी लगता है कि हमें साथ काम करना चाहिए। अभी जब हम तीनों साथ में थे तब शाहरुख, सलमान और मैं भी सोच रहे थे कि हमें अपने करियर में एक ऐसी फिल्म करनी चाहिए जिसमें हम तीनों रहें। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने लिए और अपने दर्शकों के लिए एक साथ फिल्म करें। अब देखते हैं क्या होता है। मुझे उम्मीद है कि अगर कोई अच्छी स्क्रिप्ट ऑफर हुई तो हम जरूर करेंगे। मुझे लगता है कि हम तीनों भी एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।



# दोबारा कभी डांस नंबर नहीं करूंगी

सामंथा रुथ प्रभु का ऊ अंटावा साल 2021 का एक मशहूर गाना साबित हुआ। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि वे गाने के पहले शॉट के वक्त कांप रही थीं। उन्होंने दोबारा डांस नंबर नहीं करने का फैसला भी किया है। सामंथा ने बताया कि ऊ अंटावा करने और द फैमिली मैन में राजी की भूमिका निभाने का डिसिजन एक-जैसा था। उन्हें बाहरी प्रभावों के बिना अपने डिसिजन लेने का फ्रीडम पसंद है। सामंथा ने कहा कि मैंने ऊ अंटावा करना इसलिए चुना क्योंकि वह प्रदर्शन की एक नई शैली तलाशना चाहती थीं। हालांकि शुरुआत में वे गाने को लेकर अनकंफर्टेबल महसूस हुई थीं। उन्हें खुद पर कॉन्फिडेंस नहीं आ पा रहा था। सामंथा ने कहा- मैंने हमेशा इस सोच से काम किया है कि मैं बहुत अच्छी नहीं हूं। मैं सुंदर नहीं लगती। मैं दूसरी लड़कियों की तरह नहीं दिखती। इसलिए मेरे लिए, यह एक बड़ी चुनौती थी। वास्तव में जब ऊ अंटावा का पहला शॉट था... उस वक्त मैं डर से कांप रही थी। क्योंकि सेक्सी लगना मेरी लिए आसान नहीं था। ये गाना परफॉर्म करना कुछ ऐसा था, जो मैंने इसके पहले कभी नहीं किया था। मैं हमेशा से खुद को अनकंफर्टेबल, मुश्किल और असुविधाजनक परिस्थितियों में डालती हूं।

## दोबारा कभी डांस नंबर नहीं करूंगी

जब सामंथा से पूछा गया कि क्या वे दोबारा कोई डांस नंबर करेंगी? उन्होंने कहा- नहीं, मुझे अब इसमें कोई चुनौती नजर नहीं आती। उन्होंने यह भी कहा कि इस गाने को अपनाने के पीछे उनका उद्देश्य इस मैसेज को आगे बढ़ाना था कि जो महिलाएं अच्छी दिखना चाहती हैं, उन्हें लोगों के जजमेंट से आगे बढ़ना चाहिए। सामंथा बोलीं- मुझे लगता है कि, मेरे लिए गाने की लीरिक्स चुनौतीपूर्व थी। मुझे लगता है कि हम महिलाओं को अच्छा दिखने की चाहत के आधार पर जजमेंट से आगे बढ़ना चाहिए। असल में ऐसा कुछ भी नहीं है जो हम नहीं कर सकते हैं।

## सामंथा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

सामंथा रुथ प्रभु को आखिरी बार रोमांटिक ड्रामा फिल्म खुशी में देखा गया था, जिसमें विजय देवरकोंडा लीड रोल में थे। सामंथा की अपकमिंग फिल्म सिटाडेल है, जिसमें वरुण धवन उनके साथ लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन राज और डीके ने किया है।



# धर्मा प्रोडक्शंस की नादानियां में नजर आएंगी खुशी कपूर

अभिनेत्री खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वहीं अब वे निर्देशक शाउना गौतम की आगामी फिल्म में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में खुशी कपूर के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया है। वहीं, खबर है कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले नादानियां नाम की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म का निर्माण हो रहा है, जिसमें खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान मुख्य भूमिका में हैं।

हालांकि, अभी तक इस पर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर करण जौहर भी काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म के मुहूर्त शॉट को भी साझा किया था। शाउना इससे पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी सहायक निर्देशक का काम कर चुकी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, खुशी और इब्राहिम की इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। वहीं इस फिल्म में सुनील शेट्टी के भी शामिल होने की खबरें हैं।

# एआर रहमान ने संगीत में एआई के इस्तेमाल को ठहराया सही



दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम के ऑडियो म्यूजिक में दो दिवंगत गायकों की आवाज का इस्तेमाल किया। उन्होंने गायक बंबा बाक्या और शाहुल हमीद की आवाजों को एआई की मदद से रिक्रिएट किया। नई तकनीक का इस्तेमाल कर पुरानी यादें ताजा करने के रहमान के प्रयास की कुछ लोगों ने खूब तारीफ की। लेकिन, इसे लेकर एआर रहमान की काफी आलोचना भी हुई। मामले ने काफी तूल पकड़ा। अब इस मामले में एआर रहमान ने अपना बचाव किया है। हाल ही में द गोट लाइफ के म्यूजिक लॉन्च के दौरान ए आर रहमान ने मीडिया से म्यूजिक इंडस्ट्री में एआई के आगमन का बचाव कते हुए कहा कि एआई को नौकरियों पर खतरे की बजाय इसे आगे बढ़ने के लिए एक टूल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

एआर रहमान ने आगे कहा, टेक्नोलॉजी में हर दिन एक सरप्राइज सामने आ रहा है और यह निश्चित रूप से अचानक नहीं है। मुझे याद है जब मैंने 1984 में एक कंप्यूटर खरीदा था, तो सभी ने सोचा था कि हम सभी अपनी नौकरियां खोने वाले हैं। इसी तरह यह है। इसे आप जितना ज्यादा सुनेंगे, इसका अस्तित्व दिखेगा। मुझे लगता है कि एआई का इस्तेमाल आगे बढ़ने में किया जा सकता है। एआर रहमान ने कहा, एआई के जरिए हम आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का उत्थान कर सकते हैं। कला और विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाओं को शिक्षित और पोषित कर सकते हैं। उनके पास अब एआई जैसे टूल्स मौजूद हैं, ऐसे में उन्हें कई वर्षों तक अध्ययन में जुटे रहने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एआई का इस्तेमाल करने का सबसे बेहतर तरीका लोगों को नौकरी से निकालना नहीं, बल्कि उनके जीवन में सुधार और जीवन को बेहतर बनाना है।



# क्रू के ट्रेलर लॉन्च में तब्बू ने की शिकायत

तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन की आगामी फिल्म क्रू का ट्रेलर आज लॉन्च हो गया है। एक भव्य इवेंट में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है, जो काफी मजेदार है। इस मौके पर तीनों अदाकाराएं नजर आईं और एक-दूसरे के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। तब्बू से पूछा गया, फिल्म भोला हो या दृश्यम आप कोई फिल्म कैसे चुनती हैं? कितनी रिसर्च करती हैं? तब्बू ने इसका जवाब देते हुए कहा, मुझे फिल्मों में डांटने के लिए लिया जाता है। या तो मैं डांट रही होती हूं या मुझसे गाली दिलवाते हैं।



करीना से पूछा गया कि बकिंघम मर्डर्स, सिंघम अगेन हो या क्रू...शानदार प्रोडक्शन से आपका नाम जुड़ा है। अब इस फिल्म को लेकर क्या दिलचस्प है? इस पर करीना ने कहा, हम सभी सुपर एक्साइडेट हैं। तब्बू के साथ पहली बार काम किया। लोलो ने तब्बू के साथ काफी काम किया है, लेकिन मैं पहली बार काम कर रही हूं। कृति के साथ काम करना मजेदार रहा।



कृति से पूछा गया कि फिल्म में तब्बू-करीना के साथ काम करना कैसा रहा? कृति ने कहा, हम तीनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। जब भी कोई महिला वाली फिल्म आती है तो लोग सोचते हैं कि यह सीरियस होगी, कोई मुद्दा होगा, लेकिन यह फिल्म देखकर लगेगा कि महिलाएं कॉमेडी भी कमाल की कर सकती हैं।

फिल्म के निर्देशक राजेश ए कृष्णन ने कहा, फिल्म में लीड रोल हीरोइनें अदा कर रही हैं। यह अनुभव काफी अलग और दिलचस्प रहा। तब्बू ने 95 से ज्यादा फिल्में की हैं, करीना ने 75 से ज्यादा फिल्में की हैं और कृति ने 18 से ज्यादा फिल्में की हैं। इन्हें निर्देशन की कोई जरूरत नहीं है।



# मैं अटल हूं के बाद अब मैं अधिक लोकतांत्रिक हो चुका हूं

**पंकज त्रिपाठी देश के सबसे प्रतिभावान अभिनेताओं में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे लाखों दिलों पर राज करते हैं। उनकी फिल्म मर्डर मुबारक इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस की खूब सराहना हो रही है। इस बीच पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं भी ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में नजर आए थे। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म पर हाल ही में बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि फिल्म में काम करने के बाद एक व्यक्ति के रूप में उनमें काफी सुधार हुआ है।**

उन्होंने कहा, अटल जी का रोल पर्दे पर निभाने के बाद मैं सहानुभूति और करुणा के मामले में एक बेहतर इंसान बन गया हूं। मुझे लगता है कि मैं अंदर से अधिक लोकतांत्रिक हो गया हूं। मुझे यह समझ आ गया है कि अगर कोई व्यक्ति मुझे नापसंद करता है तो जरूरी नहीं है कि मैं भी उसे नापसंद नहीं करूंगा।अब मैं मेरी आलोचना करने वालों की प्रशंसा करता हूं और उन्हें ऐसा करने की पूरी आजादी देता हूं। मुझे उन लोगों से अब शिकायत नहीं रहती जिन्हें मैं या मेरी फिल्म पसंद नहीं आती। इससे पहले भी पंकज त्रिपाठी पूर्व पीएम की जमकर तारीफ कर चुके हैं। अभिनेता ने अपने एक बयान में कहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने का मौका मिलना अपने आप में एक सम्मान की बात थी। उनकी बोली, उनकी जीवनशैली और भारत के प्रति उनके दृष्टिकोण को समझने के लिए हमें कई रीडिंग सेशन से गुजरना पड़ा था। मर्डर मुबारक की बात करें तो फिल्म में विजय वर्मा, सारा अली खान, संजय कपूर और करिश्मा कपूर जैसे सितारे नजर आए हैं । फिल्म को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

# सबने कहा वीर सावरकर पर फिल्म मत करो, इसलिए फिल्म करने की जिज्ञासा बढ़ी

**इन दिनों रणदीप हुड्डा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। वे एक तरफ लिन लैशराम से अपनी शादी तो दूसरी तरफ 'स्वतंर्त्य वीर सावरकर' फिल्म को लेकर खबरों में बने हैं। हिंदी और मराठी भाषा में 22 मार्च को सिनेमाघर में रिलीज होने जा रही इस फिल्म से रणदीप पहली बार निर्देशक भी बन गए हैं। फिल्म में निर्देशन सहित अभिनय, सह-लेखन और निर्माण के साथ-साथ अपनी शादीशुदा लाइफ पर रणदीप से दैनिक भास्कर से खास बातचीत की है।**

रणदीप हुड्डा ने कहा कि लोगों ने शुरुआती समय में उन्हें फिल्म करने के लिए मना किया था। लोगों ने कहा कि पॉलिटिकल पर्सन पर फिल्म करके कॉन्ट्रोवर्सी में फंस जाओगे। ये सब बात सुनकर रणदीप हुड्डा के मन में एक जिज्ञासा जगी और उन्होंने फिल्म करने के लिए हामी भर दी।

**स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ऑफर आया, तब पहली प्रतिक्रिया क्या थी?**

पहली चीज यह लगी कि मैं वीर सावरकर जैसा दिखता नहीं हूं। दूसरा, मेरे शुभचिंतक बोल रहे थे कि सावरकर जी पर फिल्म मत करो। तुम एक उम्दा कलाकार हो, तुम सावरकर जी की तरह खामखां एक पॉलिटिकल पर्सन बन जाओगे, कंट्रोवर्सी होगी। इन बातों से मेरी जिज्ञासा और बढ़ी।

**खुद के डायरेक्शन में एक्टिंग करके कैसा फील हुआ?**


मुझे काम करते हुए दो दशक से ऊपर हो गया है। अपने करियर के शुरुआत से ही सीन ओके होने के बाद कभी जाकर मॉनिटर नहीं देखता कि कैसा परफॉर्म किया है। अंदर से एक आवाज आ जाती थी। इसमें निर्देशक भी मैं ही था, सो पता था कि क्या चाहिए। कई बार मैं अपना ही शॉर्ट लेना भूल जाता था, क्योंकि दूसरे कामों में बिजी रहता था। एक अभिनेता के तौर पर कम और निर्देशक के तौर पर ज्यादा जुड़ा रहा।

**फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के लिए काफी वजन कम किया। इस बारे में विस्तार से बताइए?**

मैंने काफी पहले से वजन कम करना शुरू कर दिया था। दरअसल कुछ समय पहले मेरा घुटना टूट गया था। इस वजह से 8 सप्ताह बिस्तर पर पड़ा रहा। बिस्तर पर पड़े-पड़े मेरा वजन बढ़ गया। फिर मैंने दोबारा वजन कम किया, तब उसमें मेरी जान निकल गई। यह कम वजन इतना समय के लिए चला कि इसमें मेरी बॉडी काफी चोट खा गई। कम से कम दो साल तक मैं अंडरवेट रहा। अंडरवेट मतलब यूजुअली मैं 90 किलो के आसपास होता हूं, लेकिन इस पिक्चर के दौरान मैं 60-65 किलो का था। इतना अंडरवेट रहने से मेरे जॉइंट में दर्द होना शुरू हो गया था। 25-30 किलो कम वजन करके एक-दो महीना निकाल सकते हैं, लेकिन दो साल तक अंडरवेट रहना तकलीफदेह हो गया।

**आपका कहना है कि डायरेक्टर के हाथ की कठपुतली नहीं हूं। ऐसे में डायरेक्टर के साथ का तालमेल कैसे बिठाते हैं?**

सेट पर डायरेक्टर के साथ कभी मेरी ज्यादा बातचीत होती नहीं है। मेरा मानना है कि जितनी बातें करना है, टकराव करना है, वह सब पहले कर लो। फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बाद हम दोनों को पता होता है कि हम क्या कर रहे हैं। उसमें थोड़ा इधर-उधर होता है। अगर हम कहीं पहुंच नहीं पा रहे हैं, तब डायरेक्टर आपकी मदद करता है। लेकिन सेट पर जाने के बाद करना क्या है, इस बारे में बातें नहीं होती हैं।



# डबल इंजन की सरकार करेगी विकास : डॉ. महेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम में विधानसभा दादरी की कई कॉलोनिया, गांव एवं सोसाइटियों दुर्गा साई गार्डन चिपियाना बुजुर्ग, वृंदावन गार्डन चिपियाना, जीआर गार्डन कॉलोनी चिपियाना, भारद्वाज कुल देवता चिपियाना, पंचषील कॉलोनी, पंचकुला-3, पंचकुला विहार, छपरौला, राज एन्कलेव, विशनूली का भ्रमण किया।



इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में विकास के नये आयाम विकसित हो रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की दिशा में भारी मतों से विजय दिलाये।

डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सदैव विकास कार्यो को करती रहेगी सांसद निधि, विधायक द्वारा विधायक निधि से और जिला पंचायत अध्यक्ष मित चौधरी, गौतमबुद्धनगर के द्वारा विकास कार्य किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही सभी लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप सभी को मिलता आ रहा है।

'सांसद आपके द्वार' के दौरान श्रीचंद शर्मा, एमएलसी, अमित चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष, गौतमबुद्धनगर अभिषेक शर्मा, देवा भाटी, जिला पंचायत सदस्य, महेन्द्र नागर, सुनील मावी, मौजीराम, महेन्द्र नागर, यशवीर नागर, मुकेश नागर, सतपाल नागर, मोहित गुर्जर, चन्द्रवीर नागर, सीताराम शर्मा, सौरभ, सुशील प्रजापति समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्राह्मण महासभा का होली मिलन कार्यक्रम

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा गाजियाबाद के अग्रसेन भवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर फूलों की होली खेली।




होली मिलन कार्यक्रम में उप्र के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा का अभिनंदन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मिलकर फूलों की होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।

कार्यक्रम में सगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने कहा कि हमारे देश के सभी पर्व आपसी भाईचारे व एकता का संदेश देते हैं। होली भी उन्हीं पर्वों में से एक है। होली आपसी भाईचारे तथा सद्भाव का प्रतीक है। इस दिन सभी लोग अपने गिले शिकवे भुलाकर भाईचारे के साथ मिलकर इसे मनाते हैं।

होली मिलन कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर शर्मा, प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा, दादरी नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, उपाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष जैनेंद्र शर्मा शर्मा, सुभाष शर्मा, महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती दिग्विजय दीक्षित, एनसीआर अध्यक्ष नरेश पाल कौशिक, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री देवेंद्र भारद्वाज भी मौजूद थे।

गाजियाबाद के बाद महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा अपनी टीम के साथ हापुड पहुंचे। महासभा की टीम द्वारा हापुड़ में आयोजित होली मिलन में भी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। महासभा सभा द्वारा हापुड़ में गोल्ड मेडल विजेता मनीष शर्मा व समाज के अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।

# छात्रों के लिए स्किल्स वर्कशॉप का आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिमगिरी जी यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एवं नंदी फाउंडेशन के सौजन्य से छह दिवसीय इम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का आयोजन विशेष रूप से स्कूल ऑफ एजुकेशन एवं ह्युमानिटीज़ के छात्रों के लिए किया गया।

नंदी फाउंडेशन से आयी ट्रेनर रेणु शर्मा ने छात्रों को रिज्यूम बिल्डिंग, इंटरव्यू स्किल्स, टाइम मैनेजमेंट के साथ ही रचनात्मकता, इनोवेशन एवं प्रोफेशनल एथिक्स से संबंधित व्याख्यान दिये एवं एक्टिविटीज़ के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया कि छात्रों के व्यक्तित्व में इन गुणों का स्वाभाविक विकास भी हो। इस अवसर पर छात्रों ने प्रजेंटेशन भी दिये। वर्कशॉप में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का पुरस्कार कंचन भंडारी, अनामिका जोशी एवं ज्योति मरांडी को मिला।

इस अवसर पर डा. चारू शर्मा, डा. अनूप पोखरियाल, डा. पूनम थपलियल, डा. भोपाल रावत, अंजना डोभाल, स्तुति रावत, कोमिल कुमार आदि उपस्थित रहे। एसोसियेट डीन डा. मीनाक्षी वर्मा ने गेस्ट स्पीकर रेणु शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुलपति डा. बी.एस. नागेंद्र पाराशर ने आशा जतायी कि इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को स्किल एनहांसमेंट में मदद मिलेगी।

# दिल्ली का बदमाश नोएडा पुलिस की गोली से घायल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली से चोरी की गई बाइक पर सवार होकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे बदमाश की थाना फेस 1 पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई है।



एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि थाना फेस-1 प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे पुलिस टीम के साथ सेक्टर 14 ए फ्लाई ओवर के पास दिल्ली से आने वाले रास्ते पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार रुकने के बजाय सेक्टर 14 ए के पीछे गंदे नाले की तरफ भाग निकला। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसका पीछा किया। पीछा करने के दौरान बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

एडीसीपी ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम नावेद पुत्र दिलशाद निवासी दिल्ली बताया। इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। नावेद ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक दिल्ली से चोरी की गई है। पकड़ा गया बदमाश चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम देता है। इसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# टायर चोरी करने के बाद ईंटों पर खड़ी कर दी कार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर डेल्टा प्रथम में रहने वाले एक व्यक्ति की बलेनो कार के दो पहियों को चोर चोरी कर ले गए। पहिए चोरी करने के बाद चोर कार को ईंटों पर खड़ी कर चले गए।

सेक्टर डेल्टा वन प्रथम निवासी प्रशांत कुमार राठी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह उसने 16 मार्च को अपनी बलेनो कार घर के बाहर खड़ी की थी। 17 मार्च की सुबह जब वह घर से बाहर आया तो उसे अपनी कार के दो पहिए गायब मिले। कार ईंटों पर खड़ी हुई थी। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# मदद के बहाने मांगा फोन, लेकर हुए फरार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अगर कोई अनजान व्यक्ति आपसे खुद को मुसीबत में बताकर फोन मांगता है तो सावधान हो जाइए। ऐसा ना हो कि आपको मदद करने की एवज में लाखों रुपए का चूना लग जाए। ऐसा ही एक मामला थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां दो अनजान व्यक्तियों को कॉल करने के लिए फोन देना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। दोनों व्यक्ति फोन लेकर फरार हो गया और पीड़ित के खाते से 1111200 रूपये निकाल लिए।

हरौला गांव में रहने वाले सत्येंद्र ने पुलिस को की शिकायत में बताया कि वह बीते 14 नवंबर को सेक्टर 18 में घूमने के लिए आया था। इस दौरान उसके पास दो अनजान व्यक्ति पहुंचे और उन्होंने अपनी मजबूरी बताकर एक व्यक्ति को कॉल करने के लिए उससे मोबाइल फोन मांगा। उसने उन व्यक्तियों को कॉल करने के लिए अपना फोन दे दिया। फोन लेकर दोनों मौके से भाग गए।

सतेन्द्र के मुताबिक आरोपियों ने उसके फोन से 1111200 यूपीआई के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कंपनी की तिजोरी लेकर भागे चोर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के काम कोरियर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डिलीवरी सेंटर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर डिलीवरी सेंटर में रखी तिजोरी को लेकर फरार हो गए। तिजोरी में 36154 रूपये रखे हुए थे।

अजय कुमार शर्मा ने बताया कि गौर सिटी 2 के पास स्थित कैपिटल होटल में काम कोरियर प्राइवेट लिमिटेड का डिलीवरी सेंटर है। डिलीवरी सेंटर के अंदर पैसे रखने के लिए एक फिक्स तिजोरी लगी हुई थी। बीते दिनों अज्ञात चोरों ने सेंटर के शटर का ताला तोड़कर तिजोरी को चोरी कर लिया। तिजोरी में 36154 रूपये रखे हुए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

वहीं थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में स्थित वाशी इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन लिमिटेड के वेयरहाउस से चोरों ने पोलीकैब वायर, फ्यूलिक्स वायर, एसकेएफ आदि चोरी कर लिए। इस संबंध में वेयरहाउस के मैनेजर अक्षय कुमार शर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# 'जो अपने समाज का नहीं वो अपने बाप का भी नहीं, करणी सेना ने दोहराया नारा'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री राजपूत करणी सेना ने नोएडा के एक कार्यक्रम में अपना पुराना नारा दोहराया है। करणी सेना का नारा है कि 'जो अपने समाज का नहीं वो अपने बाप का भी नहीं' नोएडा के सेक्टर-37 में श्री राजपूत करणी सेना के होली मिलन के कार्यक्रम में यह नारा दोहराया गया। साथ ही नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा समेत पूरे गौतमबुद्धनगर जिले में करणी सेना के संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।




करणी सेना ने रविवार को नोएडा शहर के सेक्टर-38 में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस मौके पर करणी सेना के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। करणी सेना के प्रदेश महासचिव ठाकुर सचिन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि करणी सेना के संस्थापक लोकिन्द्र काल्वी के संपर्क में वें कुछ साल पहले आए थे। उस समय श्री काल्वी के एक नारे तथा विचार से वें खूब प्रभावित थे। वह विचार था कि 'जो अपने समाज का नहीं वह अपने बाप का भी नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि जो अपने समाज तथा अपने बाप का भी नहीं है तो वह व्यक्ति भला राष्ट्र का कैसे हो सकता है। इसी कारण नोएडा क्षेत्र में करणी सेना तथा समाज को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। ठाकुर सचिन चौहान ने अपने संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल चौहान की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि नोएडा में समाज को जोड़ने का प्रयास खूब सफ्ल हो रहा है।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रोहताश चौहान ने कहा जैसे हमने 565 रियासते दान की लेकिन हम आज भी देश के साथ है। वहीं रविंद्र चौहान ने कहा हमें कोई कमजोर ना समझे। हमने तलवार रखी है चलना नहीं भूले है। विपिन भदौरिया ने समाज को जोड़ने की बात कही।

इस अवसर पर किसान नेता सुधीर चौहान, आसिष चौहान, मुक्ता राजपूत, मोनिका चौहान, राधा चौहान, विकाश चौहान, सोनू चौहान, इंद्रेश चौहान, परदीप चौहान, सावन राजपूत, कैप्टन यस के सिंह, सोनू ठाकुर, रिंकू राजपूत, गौतम सिंह, नरेदर चौहान, राहुल चौहान, अजय चौहान, अजीत सिंह, विवेक चौहान, बलबीर चौहान, हरवीर चौहान, राजकुमार, विनोद कुमार, समर चौहान, सेदीय भइया, जय चौहान, अरविन्द, दीपक चौहान, संजय चौहान आदि मौजूद रहे।

